we have with us, seated in the Special Box, members of a Parliamentary Delegation from Madagascar, currently on a visit to our country, under the distinguished leadership of His Excellency, Mr. Emmanuel Rakotozafy, Vice-President of the National Assembly of Madagascar.

On behalf of the Members of the House and on my own behalf, I take pleasure in extending a hearty welcome to the leader and other members of the Delegation and wish our distinguished guests an enjoyable and fruitful stay in our country. We hope that during their stay here, they would be able to see and learn more about our Parliamentary System, our country and our people, and that their visit to this country will further strengthen the friendly bonds that exist between India and Madagascar. Through them, we convey our greetings and best wishes to the Parliament and the friendly people of Madagascar.

अब श्री एस.एस. अहलुवालिया....आप भी ज़रा संक्षेप में बोलिएगा ....यकीनन आप बिहार के हैं।

THE BIHAR REORGANISATION BILL, 2000 *-Contd.*

श्री एस.एस. अहलुवालिया (बिहार) : महोदया, मैं वर्षों से बिहार पर बोलता रहा हूं इस सदन में। इस सदन के अंदर और सदन के बाहर, कभी गर्व से और कभी पीड़ा से कई बार मैंने अपने उद्‌गार प्रकट किए हैं और आज एक ऐसी बेला है शायद जिसके लिए मैं उचित शब्द न ढूंढ सकूं। यह दुख में सुख का सम्मिलन है और शायद प्रधान मंत्री महोदय यहां उपस्थित होते तो इस दुख और सुख के सम्मिलन को अपनी कविता में लिखकर अपनी भावनाओं को प्रकट कर सकते थे। मैंने भी एक कवि को पढ़ा तो ऐसा महसूस हुआ -

"यह शाम उषा का आंगन, आलिंगन विरह मिलन का,
चिर हास अश्रुमय पीड़न, रे इस मानव जीवन का।"

महोदया, मुझे गर्व इस बात का है कि आज तक जो बिहार था, वह एक ऐसा गौरवमय बिहार है जिसका अपना गौरवमय इतिहास है। अभी मेरे पूर्व वक्ता जस्टिस रंगनाथ मिश्र जी कह रहे थे, अशोक की बात कर रहे थे और गुरु दक्षिणा की मांग कर रहे थे। यह वही बिहार है जहां गौतम बुद्ध जी को निर्वाण प्राप्त हुआ और ग्रेट कलिंग वार को जीतकर जब सम्राट अशोक लौटे थे तो उनको लोग सम्राट अशोक कह कर नहीं पुकार रहे थे, rather चांडाल अशोक कह कर पुकार रहे थे क्योंकि इतना कत्ल और गारद हुआ था। जब सम्राट अशोक ने आकर यह देखा कि उसकी बेटी संघमित्रा और पुत्र महेन्द्रू दोनों ही

"बुद्धम् शरणम् गच्छामि" कहते हुए बौद्ध भिक्षु हो गए हैं तो पटना में गंगा के किनारे महेन्द्रू घाट पर उन्होंने अपने सारे अस्त्र-शस्त्र गंगा मैया को उत्सर्ग कर दिए और चांडाल अशोक धर्म अशोक में परिणत हो गए और "अहिंसा परमो धर्म:" का नारा देकर सारे विश्व में बौद्ध धर्म का प्रचार करने में लीन हो गए। महोदया, मुझे गर्व है बिहार पर, जिस बिहार पर मेरे तीन गुरूओं की सह प्राप्त है। सर्वप्रथम गुरूनानक जी आए, उसके बाद नवम् गुरू आए जिन्होंने जनेऊ, तिलक और चुरकी की रक्षा के लिए बलिदान दिया, इसी लाल किले के सामने शीशगंज गुरूद्वारा उनके बलिदान का प्रतीक है। गुरू तेगबहादुर आए और गुरू गोबिन्दसिंह जी का जन्म हुआ और वहीं से गंगा के किनारे-किनारे आदिवासी बच्चों के साथ खेलते हुए मुगलिया सलतनत के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एक तलवार उठा ली। श्री गोविन्दराय गुरू गोविन्दसिंह कहलाए, जो खालसा पन्थ के सृजना हैं। मैं भगवान महावीर को भूल नहीं सकता। आज जो पारसनाथ मंदिर खड़ा है, लाखों लोग दर्शन करने आते हैं। आज पारसनाथ मंदिर झारखंड के इलाके का हिस्सा बन जाएगा और पावापुरी बिहार में रह जाएगा, यह प्रतीक है। एक तरफ ये स्थान यहां रहेंगे बौद्ध गया तो बाबा भोले नाथ चले जाएंगे झारखंड में। आज श्रावण के महीने में आप देखिए, लाखों की तादाद में लोग "बोल बम, बोल बम" का नारा लगाते हुए जल चढ़ाने के लिए जा रहे हैं। कितनी खुशी का माहौल होगा, क्योंकि सोमवार को श्रावण माह की अंतिम सोमवारी है, उसके दूसरे दिन राखी पूर्णिमा है, लोग वहां जल चढ़ाने के लिए जाएंगे। शायद बिहार वासी अपनी डोलचियों में अपने लोटों में और अपने पवित्र बरतनों में अपने आंसू भी भरकर रह जाएंगे। उनको चढ़ाने के लिए वे आंसु बिछड़ने के हैं और इसके साथ-साथ एक सपना भी है एक राज्य की कल्पना का। मैडम, मैं आंसु क्यों कहता हूं, उस नार्थ बिहार की सघनता जिसकी पॉपुलेशन डेंसिटी शायद केरल के बाद आती है, उस नार्थ बिहार में जो नदियां विभीषिका बनकर आती हैं उससे 70 प्रतिशत से ज्यादा स्थान पानी में डूबा रहता है। आज सब के मन में यह संशय है, दुख है कि हमें क्या करना है, एक प्रश्नचिह्न लगा हुआ है। जैसे नार्थ बिहार का कोई आदमी साउथ बिहार में आज तक झारखंड के इलाके में नौकरी भी न करता हो, इसके बावजूद भी उसके मन में दर्द है, तकलीफ है,। तटबंध बनाए गए और उन पर हजारों करोड़ रुपया खर्च हुआ है परन्तु जब बाढ़ की विभीषिका आती है तो वही नदी जो कभी "गंगा मैया तोहे पीयरी चढैबो" जिसको पूजकर लोग उससे दुवाएं मांगते हैं। जब विभीषिका बनकर आती है तो वह कुछ नहीं पूछती, सबको डुबोकर रसातल में मिलाकार चली जाती है। आज तक हम गंगा के फ्लड को कंट्रोल नहीं कर सके। कुछ पानी जो नेपाल से आता है उसके कारण भी हम ग्रसित हो जाते हैं। मध्य बिहार के 9 जिलों में से 7 जिले सुखाड़ से ग्रसित रहते हैं। हर एक बिहारी के मन में यह सवाल उठ रहा है कि हमारा क्या होगा। वही सवाल मेरे मन में भी उठता है। लेकिन जब यह सवाल उठता है तो मैं भारत के और हिस्सों की ओर देखता हूं कि हरियाणा का क्या हुआ होगा जब वह बंटा होगा, जिसके पास कोई खनिज सम्पदा भी नही है। वह मनोबल लेकर आगे बढ़ा और एक अच्छा राज्य बन गया, आज उस मनोबल की जरूरत है और मनोबल के साथ-साथ अर्थबल की भी जरूरत है। इस विधेयक में कुछ प्रावधान हैं पर हमारी गुजारिश है कि रेस्ट ऑफ बिहार के डे॰, मेंट के लिए जैसां अर्थव्यवस्था की जरूरत है, प्लानिंग

कमीशन में जो एक स्पेशल सैल खोलने की बात है, यह खोल दिया जाए। हमें एक नये सिरे से बिहार को बसाने की बात सोचनी चाहिए। आध्यात्मिक रूप से या दूसरे किसी और भी रूप से आप दुनिया के किसी कोने में चले जाइए आपको दो लोग जरूर मिल जाएंगे एक तो पंजाब के और दूसरे बिहार के। आपको बताएंगे ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : अहलुवालिया जी, आपकी पार्टी के दो लोग और हैं इस बात को ध्यान में रखें। एक मिनट और बोल लीजिए।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : महोदया, जिस झारखण्ड के बारे में पहले वनांचल को लेकर हमारी पार्टी के लोगों ने आंदोलन छेड़ा उस पर आज सवाल यह था कि वनांचल बने या झारखण्ड। शैक्सपीयर ने एक जगह कहा है कि नाम में क्या रखा है। अगर हम गुलाब के फूल को किसी दूसरे नाम से भी पुकारें तो उसकी सुगंध कोई छीन नहीं सकता। इसलिए यह बात सही है कि यदि वनांचल की जगह झारखण्ड हो तो कोई बात नहीं। यह तो बड़प्पन है आडवाणी जी, प्रधानमंत्री जी का और विपक्ष के सारे नेताओं का जिन्होंने झारखण्ड पर सहमति प्रकट की और इसका समर्थन कर रहे हैं। महोदया, झारखण्ड का वह भूभाग, जो पिछड़ा हुआ महसूस किया जाता है परंतु अखबार के पन्नों पर नहीं दिखता, हाईलाइट नहीं होता, विश्व का सबसे प्राचीन भूभाग है। ब्रिजेश रिपोर्ट के अनुसार भी यह सबसे प्राचीन भूभाग है। यहां की खरवार जनजाति महाभारत के टाइम से चली आ रही है। महोदया, पांडु पुत्र अर्जुन ने द्रोपदी के सिवाय और दो विवाह किए थे और उसमें ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : मुझे लगता है कि इन तीन बिलों से जितनी मुझे भारत की संस्कृति की नोलेज मिली है पहले कभी नहीं मिली। हिस्टोरिकल ज्यादा मिली है, पोलिटिकल कम।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : एक तो उलूपी थी, जो नाग कन्या थी और दूसरी चित्रांदा थी जो इसी इलाके, झारखण्ड के इलाके से थी। यहां अर्जुन दस माह रहे और बभ्रुवाहन वीर पुत्र पैदा हुआ जिसने महाभारत की लड़ाई में हिस्सा लिया। मेदिनीराय उनके बाद हुए जिन्होंने मुगलिया सल्तनत के खिलाफ शाहजहां के शासनकाल में उसकी खिलाफत की, वे बभ्रुवाहन के वंशज थे। महोदया, यह संस्कृति, यह सभ्यता पूरे बिहार की है। मैंने इस सदन में बिहार की बात उठाई, उसकी बातें बोलता रहा, भविष्य में भी बोलता रहूंगा। इस भूभाग से मुझे झारखण्ड का सांसद बनने का गौरव प्राप्त हो रहा है। महोदया, एक बहुत महत्पूर्ण बात मैं सदन के साथ शेयर करना चाहता हूं जिसे बहुत लोग नहीं जानते होंगे, कहेंगे कि अहलुवालिया जी बेगुसराय छोड़कर झारखण्ड जा रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि बेगुसराय मेरी कर्मभूमि रही है। मैं वहां मेहनत करता रहा, लोगों के साथ काम करता रहा, उनके विकास के लिए जूझता रहा। जब मैंने अपना वैवाहिक जीवन शुरू किया : मैंने गंधर्व विवाह किया था और वह विवाह मैंने ...**(व्यवधान)**...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): Madam, he is talking about *Gandharv Vivah.* We would like to know about that.

उपसभापति : एक दिन हम लोग इस पर स्पेशल डिस्कशन कर लेंगे।

श्री राम देव भंडारी (बिहार): मैडम, अहलुवालिया जी तो पूरा रहस्याद्घाटन कर रहे हैं।

श्री एस. एस. अहलुवालिया : यह विवाह मैंने जमशेदपुर में किया था। जैसा कि आप जानते हैं कि मेरी पत्नी बंगाली ब्राह्मण परिवार से है। ...**(व्यवधान)**... नहीं, एक ही विवाह किया। मैंने पांडु पुत्र की तरह नहीं किया। तो मेरा एक सरोकार इस इलाके से शुरू से रहा है। महोदया, यह राज्य जो आप बनाने जा रहे हैं यह एक तरफ मध्य प्रदेश से जुड़ा हुआ है, दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश से जुड़ा हुआ है, पश्चिमी बंगाल से जुड़ा हुआ है, उड़ीसा से जुड़ा हुआ है। यह चारों तरफ से घिरा हुआ है। नया राज्य बनने के बाद मंत्री बनेंगे, बड़े बड़े ओहदेदार बनेंगे किन्तु है पिछड़े हुए बिहार के लिए और झारखंड के लिए हमारी एक ही अभिलाषा है, एक ही प्रार्थना है कि जहां विकास नहीं है वहां विकास हो, बेघर को घर मिले, बेरोजगार को रोजगार मिले, अनपढ़ को शिक्षा मिले, भूखे को रोटी मिले, असुरक्षित को सुरक्षा मिले, प्रताड़ित को न्याय मिले और शोषणग्रस्त को मुक्ति मिले। यही मेरी कल्पना है यही, मेरी प्रार्थना हैं और मेरा यही अनुरोध मंत्री महोदय से है कि यदि यह दिलायें तो राज्य वाकई में स्वराज के रूप में उभर कर सामने आएगा! धन्यवाद।

उपसभापति : आपकी क्या समस्या है। दो स्पीकर आपसे पहले हैं। एक तो रंजन प्रसाद यादव और दूसरे दारा सिंह चौहान। आप अपनी समस्या उनके सामने कह दें। वे अगर कहेंगे तो मैं पहले आपको बुला दूंगी क्योंकि किसी को ट्रेन पकड़नी है, किसी को खाना खाना है, किसी को जुम्मे की नमाज पढ़नी है। आप रेक्वेस्ट कर लें।

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी (बिहार) : मैं अपने साथियों से गुजारिश करता हूं कि आज जुम्मे का दिन है मुझे नमाज के लिए जाना है। अगर आप इजाजत दे दें तो मैं आपसे पहले बोल दूं।

उपसभापति : चार मिनट बोल दीजिए।

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी : शुक्रिया मैडम डिप्टीचेयरमैन। आज बिहार के बंटवारे पर राज्य सभा में आखिरी मोहर लगाई जा रही है। यह बंटवारा ...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : यह बंटवारा नहीं, पुनर्गठन है।

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी : मैं पूछना चाहता हूं कि यह पुनर्गठन क्या बंटवारे के बगैर हो रहा है? पुनर्गठन की कोई और परिभाषा सामने आती हो तो बहुत अच्छी बात है।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : बंटवारे का मतलब है तकसीम।

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी : तकरीम ही हो रहा है। कल बिहार झारखंड नहीं रह जाएगा, झारखंड बिहार नहीं रह जाएगा। दोनों सूबे अलग अलग होंगे, दोनों के

1.00P.M.

चीफ मिनिस्टर अलग अलग होंगे, दोनों का शासन-प्रशासन अलग अलग होगा। बंटवारा इसको नहीं कहते तो किस को कहते हैं?

खैर मैं इस बहस में नहीं पड़ता ...

उपसभापति : बोलिए ., बोलिए, आपके पास चार मिनट ही हैं। इसमें बंटवारे के साथ दूसरी भावनायें जुड़ी हुई हैं इसलिए इस पर लोगों को ऐतराज है।

* **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** : मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि बिहार से मेरा एक खुशूशी ताल्लुक है और बिहार से मेंबर आफ पार्लियामेंट की हैसियत से मैं बिहार की नुमाइन्दगी करता हूं। बिहारियों की बहार छीनने वालों तुम्हें बिहार की आहें सलाम करती हैं। बिहार जिस दुख-दर्द के माहोल से गुजर रहा है उससे पूरे बिहार में एक मातम का समा बंधा हुआ है। हमारे अहलुवालिया जी ने अभी बतलाया कि इसके बाद बिहार के पास कुछ नहीं रह जाता है। मैडम, बिहार का बंटवारा मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ और यू.पी. के उत्तराचंल से बिल्कुल मुख्तलिफ है। छत्तीसगढ के पास कुदरत का खजाना है, बिहार के पास झारखंड की शक्ल में कुदरत का खजाना मौजूद था। आज बिहार की जो पोजीशन है, इस झारखंड के बन जाने के बाद गंगा का पानी और नदी का बालू इसके अलावा बिहार के पास कुछ नहीं रह जाता। मुल्क की आजादी के बाद देश के सूबों की तामीर और तरक्की के लिए सूबे के लोगों ने मुनासिब जगहों पर डेवलपमेंट का एक नक्शा बनाया था। सारे बिहारियों ने अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई दक्षिणी बिहार में लगाई थी, कोई कल-कारखाना नार्थ बिहार में नहीं लगाया गया क्योंकि साफ्ट मिट्टी हर साल आने वाला सैलाब और तूफान कल-कारखानों को बहा कर ले जाएगा। दक्षिणी बिहार में कुदरती खजाइन और वसायल के इलावा डवलपमेंट की सारी राहें कुशादा की गई और जितने कल-कारखाने स्टील फैक्टरी से ले कर थर्मल पावर तक इन सब की स्थापना उसी इलाके में हुई। आज बिहारियों के ज़ेहन में जो सवाल अपने बच्चों के भविष्य का उठ रहा है, यह एक फितरी और नेचुरल सवाल है। जिस बिहार की तामीर-ओ-तरक्की के लिए उन्होंने 53 साल लगाए, आज उनका सारे का सारा खजाना, सारी दौलत, सम्पत्ति बिहार के हाथों से निकल रही है। हिन्दुस्तान में जो पानी बाहर से आता है कुछ एरिया तो ऐसे हैं जिन पर हमारा कंट्रोल नही हो पाया है। ऐसे ही नार्थ बिहार में गंगा की चोटी से पानी वाया नेपाल आता है और नदियों के तूफान के ज़रिये बिहार को तबाह करता है, उससे हमारी पार्लियामेंट और हमारा देश अच्छी तरह से वाकिफ है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि 9 महीने तक तो पूरा बिहार जल-थल रहता है। लोगों की फसलें तबाह हो जाती हैं और हेलीकाप्टर के ज़रिये दरख्तों पर बैठे हुए लोगों को दरियाओं और नदियों से घिरे हुए लोगों को खाने के पैकेट

---

*Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.

गिराए जाते हैं। इस वक्त बिहार पैकेट का नहीं पैकेज का मोहताज जरूर है और सेंट्रल हुकूमत की तरफ दुख भरे दिल-ओ-दिमाग से देख रहा है। लगभग चार हजार करोड़ रुपये जो बिहार का रेवेन्यु है इस पुनर्गठन या तकसीम के बाद यह सब का सब बिहार के हाथों से निकल जाएगा और बिहार के पास क्या रह जाएगा? क्या बिहार के लोग बालू का सत्तु बना कर गंगा के पानी से अपने खान-पान का इंतज़ाम करेंगे? नेपाल से बात कर के अगर पानी नहीं रोका गया, मरकज़ी हुकूमत के ज़रिये पेकेज दे कर इनफ्रास्ट्रक्चर का इंतजाम नहीं किया गया तो हम समझते हैं जिस मकसद के लिए झारखंड बनाया जा रहा है अगर एक तरफ एक सूबा तामीर-ओ-तरक्की की राह पर लगेगा तो दूसरी तरफ दूसरा सूबा बिहार गरीबी और भुखमरी का शिकार होकर के रह जाएगा। इसलिए मैं हुकूमते हिन्द से गुज़ारिश करूंगा और होम मिनिस्टर साहब से खुसूसी तौर पर यह अपील करूंगा कि बिहार अस्सेंबली ने झारखंड को बनाने के लिए जो बिल आपके पास भेजा है इसमें सिर्फ सरकार ही शामिल नहीं है, अपोजीशन और हर पार्टी इस बिल को पास करने में अपने इत्तेहाद-ओ-इत्तेफाक का मुज़ाहिरा कर चुकी है। कांग्रेस पार्टी भी उसमें शरीक है, बी.जे.पी. और समता भी उसमें शरीक है। हुकूमत की तरफ से यह बिल आया है। इसलिए मेरी गुज़ारिश होगी कि बिहार की हुकूमत ने अस्सेंबली ने एक लाख अस्सी हजार करोड़ रुपये का जो पैकेज मांगा है, इसे देने के लिए आपको वचनबद्ध होना चाहिये। इसलिए कि एक सूबे के साथ प्यार और दूसरे सूबे के साथ सौतेला सुलूक यह रवा रखेंगे तो मैं यह समझता हूं कि पोलिटिकल फायदे उठाने के लिए इस तरह की तकसीम का रास्ता अपना कर मुल्क के सूबों का भला नहीं किया जा सकता है। सारे सूबों को एक आंख से देखते हुए उनका जो नुक्सान हो रहा है उसकी भरपाई करते हुए बिहार के लिए हुकूमत अपना एक मुक्कमल और मजबूत जवाब ले कर आए और बिहारियों की जो मांग है और अस्सेंबली ने जो पैकेज की डिमांड की है, वह पूरा का पूरा पैकेज बिहार को दिया जाए ताकि बिहार के लोग उस आर्थिक व्यवस्था के ज़रिए अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें। थैंक्यु, शुक्रिया।

श्री रंजन प्रसाद यादव (बिहार) : उपसभापति महोदया, संविधान की धारा 3 के अंतर्गत माननीय गृह मंत्री जी ने बिहार पुनर्गठन, 2000 के नाम पर बिहार के विभाजन का विधेयक इस सदन में पेश किया है। लोक सभा ने इस विधेयक को पास कर दिया है और महोदया, मैं समझता हूं कि यह सदन भी इस विधेयक को पास करने जा रहा है। लेकिन महोदया, इस संदर्भ में मैं कुछ मूलभूत प्रश्नों को सदन के समक्ष उठाना चाहता हूं और माननीय सदस्यों का ध्यान इन प्रश्नों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदया, आखिर हमारे उन पुरखों ने जिन्होंने आजादी के बाद हमारे संविधान का निर्माण किया और संविधान में धारा 3 का प्रावधान किया, धारा 3 के प्रावधान के पीछे उनका मकसद क्या था? उन्होंने संविधान में इस धारा का प्रावधान इस मकसद से किया होगा कि पुनर्गठन के बाद बनने वाले राज्यों में शासन और प्रशासन बेहतर ढंग से चलेगा। पुनर्गठन के बाद बनने वाला राज्य अपने पहले के मुकाबले तेज गति से समृद्ध और विकास के रास्ते पर चलेगा। महोदया, मुझे लगता है और माननीय सदस्यों को भी यह लगता होगा

कि संविधान का निर्माण करने वाले हमारे पुरखों ने इसी नेक और पवित्र उद्देश्य से धारा 3 का प्रावधान संविधान में किया होगा महोदया, इस प्रस्ताव, बिहार पुनर्गठन विधेयक को हम लोग इस कसौटी पर परखें क्योंकि मैं मानता हूं कि सरकार ने जिस दिन इस विधेयक को पेश किया या हम लोग जो इसे पारित करने वाले हैं, पुनर्गठन के बाद बनने वाले नये राज्य की और तीव्र गति से विकास तथा समृद्धि की मंशा और उद्देश्य से ही इसे पारित करने जा रहे हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि इसे पारित करने से पहले हम हर तरह से इसकी जांच कर लें अन्यथा कहीं हड़बड़ी में हमसे गलती न हो जाए और पुनर्गठन के बाद नया बनने वाला राज्य और तेज गति से विकास के रास्ते पर बढ़ने की बजाए कहीं विनाश के रास्ते पर न बढ़ जाए।

आपकी इजाजत से मैं सदन के समक्ष कुछ तथ्यों को रखना चाहूंगा। इस सिलसिले में मैं यह कहना चाहता हूं कि संविधान की धारा 3 के तहत जो बिल लाए गए हैं और जो मैं समझ सका हूं कि संविधान के अनुच्छेद 3 के अनुसार नये राज्य के गठन का प्रस्ताव संबंधित राज्य के विधान मंडल की राय जाने बिना संसद में पेश नहीं किया जा सकता है। इससे विधान मंडल की राय की प्रधानता स्पष्ट रूप से रेखांकित होती है। तो मैं बताना चाहता हूं कि वर्तमान मामले में बिहार विधान मंडल ने बिहार राज्य पुनर्गठन विधेयक, 2000 पर अपनी औपचारिक सहमति देते समय सभी दलों द्वारा जिसमें भाजपा के लोग, कांग्रेस के लोग, समता और जेडी "यू" के लोग थे, सर्वसम्मति से स्वीकृत लगभग 1,79,000 करोड़ के आर्थिक पैकेज का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव विधान मंडल के अन्य सुझावों के साथ साथ सदन की स्वीकृति के बाद केन्द्र सरकार को भेजा गया था। अत: यह आवश्यक था कि विधेयक को सदन में प्रस्तुत करने के पूर्व केंद्र सरकार आर्थिक पैकेज के संबंध में अपना दृष्टिकोण जाहिर करती जो कि आज के प्रस्ताव में नहीं है। मैं चूंकि बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करता हूं, मैं सदन को और माननीय गृह मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि अगर बिहार विभाजन नोटीफिकेशन के पूर्व इस बिल में आर्थिक पैकेज का प्रस्ताव जो विधान मंडल में सर्वसम्मति से सभी दलों के लोगों ने रखा था, नहीं लाया गया तो इसके क्या दुष्परिणाम होंगे यह मैं सदन को बताना चाहता हूं। माननीय गृह मंत्री जी और खास करके जो हमारे बिहार के माननीय सदस्य यहां बैठे हैं, उनको बिहार के भौगोलिक स्ट्रक्चर की निश्चित रूप से जानकारी होगी कि हमारे बिहार में जो लगभग 55 जिले हैं, उनमें से 18 जिलों को अलग करके हमने झारखंड राज्य बनाने का काम किया है और बाकी जो लगभग 37 जिले बचे हैं, जिनमें 21 जिले ऐसे हैं जो नॉर्थ बिहार और गंगा के उत्तर की ओर हैं। उन जिलों में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली, सारण, सिवान, गोपालगंज, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, बेगूसराय और खगड़िया हैं। 16 ऐसे जिले हैं जो मध्य बिहार में पड़ते हैं। वे जिले मुंगेर, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, नवादा, भागलपुर, बांका, पटना, नालंदा, भोजपुर, रोहतास, बक्सर, भभुआ आदि हैं। अब मैं विस्तृत रूप से बचे हुए बिहार की भौगोलिक संरचना के विषय में बताना चाहूंगा। नेपाल से जो बड़ी-बड़ी नदियां निकलती हैं महानन्दा, कोसी, बागमती, बूढ़ी गंडक, इन नदियों से लगभग 22 जिले प्रभावित होते हैं। नेपाल की नदियों से एक फुट से

लेकर चार फुट तक की ऊंचाई से जो पानी आता है इसका असर यह होता है कि प्रतिवर्ष जो वहां की खेती है, जो वहां की फसलें हैं, वे नष्ट हो जाती हैं और लाखों की संख्या में मकान व झोंपड़िया ढह जाती है और बह जाती हैं। ऐसा नहीं है कि यह बाढ़ दो, चार या दस साल से आती हो, बल्कि यह प्रतिवर्ष का रुटीन है। इसके कारण बिहार का लगभग 68.80 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र रहता है, जहां पर कि कुछ नहीं कर सकते। रोड, पुल, पुलिया बुरी तरह ध्वस्त हो जाते हैं, आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। स्थिति यह होती है कि यह जो बाढ़ का पानी आता है, लगभग 6 महीने वह पानी खेतों में पड़ा रहता है और यह जो गंदा पानी के जल-जमाव के कारण खेती नहीं होती इसके कारण सालों भर लोग प्रभावित रहते हैं। मैं माननीय गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि मैं जिन बातों की चर्चा कर रहा हूं उनकी जानकारी आप निश्चित रूप से अपने द्वारा कराने का काम करेंगे। यही कारण है कि उत्तरी बिहार में फसल नहीं के बराबर होती है और उपरलिखित 22 जिलों के सभी जाति व धर्म के लोगों का रोजी-रोटी की तलाश में प्रदेश से बाहर पलायन हो जाता है। माननीय गृह मंत्री जी को निश्चित रूप से इसकी जानकारी होगी कि बिहार ऐसा प्रदेश है जिसके लोग न केवल देश के 32 प्रदेशों में हैं, बल्कि दूसरे देशों में भी हैं। इसका कारण भी यही है कि यहां के जिले बाढ़ के कारण प्रभावित रहते हैं और वहां मजदूर हैं, गरीब हैं, पिछड़े वर्ग, दलित और अकलियत के लोग हैं, जिनको रोज़ी-रोटी नहीं मिलती है। वे आज पंजाब और हरियाणा में जा कर, चूंकि वे मेहनतकश होते हैं, जैसा कि अभी हमारे माननीय अहलुवालिया जी ने हरियाणा की चर्चा की, तो हरियाणा का जो भौगोलिक स्ट्रक्चर है और बिहार का जो भौगोलिक स्ट्रक्चर है, वह बिल्कुल भिन्न है। वहां प्रतिवर्ष किसी बड़े पर्वतीय क्षेत्र या पहाड़ों से निकलने वाली बड़ी-बड़ी नदियों की बाढ़ से बहने वाले पानी का जमाव नहीं होता। इसलिए अगर आप तुलना बिहार के बचे ...**(व्यवधान)**...

श्री एस. एस. अहलुवालिया : पानी के लिए लड़ रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री रंजन प्रसाद यादव : पानी के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन बिहार का जो स्ट्रक्चर है, खास करके नॉर्थ बिहार का, वह देश के 32 प्रदेशों का जो भौगोलिक स्ट्रक्चर है, उससे बिल्कुल भिन्न है। इसलिए पंजाब और हरियाणा की चर्चा तो हमारे कई मित्र किया करते हैं और आपने भी की है, लेकिन मैं आपके इस विचार से सहमत नहीं हूं। दूसरी ओर मध्य बिहार और उत्तरी बिहार के बीचों बीच गंगा नदी है जो गंगोत्री से निकल बनारस होते हुए बक्सर, आरा, पटना, बेगुसराय, मुंगेर, खगड़िया एवं भागलपुर होते हुए फरक्का जाती है। यह नदी ऊपर वर्णित जगहों को वर्षा के दिनों में बुरी तरह प्रभावित करती है जिस से जान-माल, धन-दौलत की अपार क्षति होती है। प्रति वर्ष गंगा नदी के कटाव के कारण दर्जनों गांव गंगा नदी के पेट में समाहित हो रहे हैं और उन गांवों को पुनर्वासित करने के लिए बिहार सरकार को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। गंगा के कटाव को रोकना बिहार सरकार के बूते के बाहर की बात है क्योंकि बरसात में गंगा का जल-स्तर ऊंचा रहता है और इस का पानी निस्तारित न होने के फलस्वरूप काफी दिनों तक मध्य बिहार में जमा रहता है। इस कारण उस भू-भाग में खरीफ की खेती नहीं हो पाती। माननीय गृह मंत्री जी

व उपसभापति जी मैं चूंकि पटना विश्वविद्यायल में जियोलॉजी का शिक्षक हूं, वहां रीडर के पद पर हूं, इस कारण बिहार के विषय में अपने अल्प-ज्ञान के आधार पर बता सकता हूं कि नॉर्थ बिहार में जो 22 जिले हैं जहां प्रति वर्ष नेपाल से कई बड़ी-बड़ी नदियां आती हैं जिन के पानी की ऊंचाई एक फुट से 4 फुट तक होती है और उन के साथ प्रतिवर्ष वहां जो बालू आती है उस के कारण मिट्टी की क्षमता, उस की स्ट्रेंग्थ समाप्त हो चुकी है। वहां की मिट्टी बहुत सोफ्ट हो चुकी है जिस कारण हम हटिया, बोकारो की तरह वहां कोई बड़ा स्टील प्लांट नहीं लगा सकते, हम टाटा और टेल्को और टिस्को की तरह कोई बड़े उद्योग-धंधे नहीं लगा सकते। अगर ऐसा संभव होता तो हमारे बिहार के कांग्रेस के ललित बाबू से लेकर जगजीवन बाबू जैसे बड़े-बड़े नेता जिन की केन्द्र में चलती थी, वह जैसा चाहते थे वैसा करते थे, वे लोग उस कार्य को करा सकते थे। इस के अतिरिक्त देश के बड़े-बड़े टैक्नोक्रेट्स, साइंटिस्ट्स जिन्होंने कि वहां हर तरह से संरक्षण का काम किया था, उन्होंने भी कहा कि यहां की जमीन इतनी सॉफ्ट है कि यहां बड़े उद्योग-धंधे नहीं लगाए जा सकते। महोदया, हालांकि नेपाल से वहां बड़ी-बड़ी नदियां आती हैं और उन का पानी उपलब्ध है, लेकिन वहां कोई कैचमेंट एरिया नहीं होने के कारण किसी बड़े डैम का निर्माण कर पानी एकत्र कर पाना भी संभव नहीं हो पाता। इस कारण बिजली भी पैदा नहीं की जा सकती। इतना ही नहीं वह इलाका फ्लड-प्रोन एरिया के साथ-साथ अर्थ-क्वेक प्रोन भी है। वहां प्रति वर्ष भूकम्प भी आते हैं जिस के कारण भी बड़े-बड़े उद्योग धंधे या एटोमिक आधारित कोई बड़े उद्योग धंधे नहीं लगा सकते। इसलिए मेरा माननीय गृह मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि बिहार के 18 जिलों को अलग कर बिहार और वनांचल राज्य बनाने का जहां कार्य किया है, उस से वहां के लोग खुश नहीं हैं। पिछले दो दिनों से सदन में मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ और उत्तरांचल राज्य की चर्चाएं हो रही हैं। लोग यहां दीपावली और होली मनाए जाने की चर्चा कर रहे थे। वहां की खुशहाली की बात कर रहे थे, लेकिन अहलुवालिया साहब, हमारे मित्र और भाई शत्रुघ्न जी, समता पार्टी के हमारे मित्र भाई राजीव रंजन जी, रविशंकर जी सहमत होंगे कि निश्चित रूप से जो इन दो प्रदेशों का बंटवारा हुआ और चर्चाएं हुईं उन से मुझ को भी खुशी हुई, सभी लोग आनंदित हुए, इस के लिए मंत्री जी आप निश्चित रूप से धन्यवाद के पात्र हैं लेकिन वह स्थिति बिहार की नहीं है। बिहार का जो बंटवारा होने जा रहा है और कुछ ही दिनों में नोटिफिकेशन निकलेगा, लेकिन लोग वहां ख़ुशियां नहीं मनाएंगे। वे गम मना रहे हैं।

इस के साथ-ही-साथ मैं संक्षेप में बिहार विधान मण्डल ने सर्व-सम्मति से जो पैकेज बिहार के लिए आप के पास भेजा है, उस की भी चर्चा करना चाहूंगा। 'कि वर्तमान समय में बिहार के राजस्व का वाणिज्यिक कर (कमर्शियल टैक्स) और अन्य करों का दक्षिण बिहार से 63 प्रतिशत आता है और केवल 37 प्रतिशत राजस्व उत्तरी बिहार और मध्य बिहार से आता है। बिहार पुनर्गठन विधेयक 2000 के मंजूर हो जाने के बाद 63 प्रतिशत राजस्व झारखंड क्षेत्र में चला जाएगा।' ...**(समय की घंटी)**...

बिहार जब एक था तो हमारा मानना है और जो मैं डाटा आपको दे रहा हूं उनसे आपको पता चलेगा कि पूरा बिहार जब एक था तो वाणिज्यिक कर से 2,274

करोड़, निबंधन से 339 करोड़, मद्य निषेध से 283 करोड़, यातायात से 203 करोड़, भूमि राजस्व से 15 करोड़ यानी कुल मिलाकर 3,114 करोड़ आता था। अब इसमें से झारखंड एक नया राज्य बनने जा रहा है, उसमें लगभग 1,132 करोड़ चला जाएगा और बिहार को 1,982 करोड़ ही मिलेगा।

दूसरा नॉन टैक्स के रूप में अभी इस समय बिहार को टोटल 824 करोड़ रुपया मिलता था और यह साउथ बिहार में कोयला, ऑयरन ओर, कॉपर, बॉक्साइट, ग्रेफाइट, लाइम स्टोन, माइका इन चीजों से आता था, इनमें से झारखंड को लगभग 776 करोड़ चला जाएगा और बचे हुए बिहार के लिए मात्र 48 करोड़ ही बचेगा। केन्द्रीय कर के हिस्से के रूप में अब तक बिहार को 3,938 करोड़ मिलता था, उसमें से झारखंड को 1,908 करोड़ चला जाएगा और बिहार को लगभग 2,030 करोड़ ही मिलेगा।

इस प्रकार ऊपर वर्णित राजस्व स्रोतों के चार्ट से स्पष्ट है कि बिहार विभाजन से बचे हुए बिहार को राजस्व के रूप में लगभग 3,808 करोड़ रुपए की हानि होगी और झारखंड राज्य को कर के रूप में 3,808 करोड़ रुपए की आय होगी। आय का मुख्य स्रोत वाणिज्य कर एवं खान हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा झारखंड राज्य को प्राप्त होगा क्योंकि करीब-करीब सभी खानें झारखंड राज्य में स्थित हैं और बड़े-बड़े उद्योग जैसे टिस्को, टेल्को, हटिया, बोकारो, उषा मार्टिन आदि झारखंड राज्य में पड़ते हैं।

ऐसी स्थिति में हम आपसे मांग करना चाहते हैं कि सदन में विधेयक पर विचार-विमर्श के दौरान केन्द्र सरकार राज्य को बिहार विधान मंडल द्वारा अनुशंसित लगभग 1,79,000 करोड़ रुपए का विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा करे और साथ ही झारखंड राज्य के गठन के संबंध में भी जो आर्थिक पैकेज मांगा गया है, उसकी भी घोषणा करे।

बिहार सरकार समय-समय पर उत्तर एवं मध्य बिहार के कृषि एवं औद्योगिक विकास के लिए तथा अन्य बुनियादी संरचना के सुधार के लिए केन्द्र सरकार को अपने प्रस्ताव भेजती रही है, उन प्रस्तावों के संबंध में न केवल सकारात्म रुख अपनाना चाहिए बल्कि उन्हें कार्यरूप देने के लिए केन्द्र को प्रभावी पहल करनी चाहिए।

उत्तर बिहार का एक बड़ा इलाका प्रायः हर साल बाढ़ एवं जल-जमाव से प्रभावित रहता है और वहां की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो जाती हैं। बाढ़ के प्रकोप से उत्तर बिहार की रक्षा के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश तथा नेपाल की सरकारों से अविलम्ब वार्ता चलाकर ठोस कार्य योजना बनाई जानी चाहिए ताकि इन इलाकों को बाढ़ की विनाश-लीला से बचाया जा सके। ...**(समय की घंटी)**...

अंत में माननीय गृह मंत्री जी और सदन के माननीय सदस्यों से हम बड़ी विनम्रता और नम्रतापूर्वक अपील करना चाहेंगे, हमारी प्रार्थना होगी कि बिहार सरकार पर केन्द्र सरकार का लगभग 31,000 करोड़ रुपए का कर्ज है, जिस पर बिहार सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 2,000 करोड़ रुपया केवल सूद के रूप में देना पड़ता है। अतः हमारी

मांग है कि बिहार को आर्थिक पैकेज देने की शुरुआत आप केन्द्रीय ऋण को माफ करने के साथ करें। मुझे आशा है कि आप इसे जरूर पूरा करेंगे। मैं समझता हूं कि जो विभाजन अभी तक किए गए हैं, निश्चित रूप से उसके पीछे हमारे पूर्वजों और पुरखों का उद्देश्य शासन और प्रशासन को अच्छा बनाना और उस क्षेत्र का विकास करना ही रहा है। आज बिहार की आबादी 10 करोड़ के करीब है और इसमें से 2 करोड़ के लगभग झारखंड में चली जाएगी और जो बचा हुआ बिहार है, निश्चित रूप से माननीय गृह मंत्री जी भी हम से सहमत होंगे कि उस बचे हुए बिहार का भौगालिक स्ट्रक्चर और राज्यों से बिल्कुल भिन्न है। इसलिए आपको उसकी ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री दारा सिंह चौहान (उत्तर प्रदेश) : महोदया, आज इस सदन में बिहार पुनर्गठन विधेयक 2000 पर चर्चा हो रही है। सदन के माननीय सदस्यों ने विस्तार से इसके बारे में अपनी भावनाएं प्रकट की हैं। महोदया, यह विधेयक लोकसभा में पास होने के बाद इस सदन में आया है और इस सदन में भी दो मुख्य बड़े दलों ने इसका समर्थन किया है। महोदया, मैं यह तो नहीं कह सकता कि मैं पूरे तरीके से इस विधेयक के खिलाफ हूं लेकिन पड़ोसी राज्य में रहने के नाते मुझे बिहार के बारे में जो कुछ जानने का मौका मिला है, उस नाते मैं अपनी भावना जरूर आपके सामने प्रकट करना चाहता हूं।

महोदया, हिंदुस्तान के नक्शे में आज़ादी से लेकर अब तक जहां बिहार पिछड़ों की गिनती में सबसे पिछली कतार में खड़ा हुआ था, जहां बिहार सबसे पिछड़ा हुआ प्रदेश कहा जाता था, ऐसे समय में झारखंड उससे अलग हो रहा है। वैसे झारखंड में सबसे ज्यादा खनिज संपदा मौजूद है, लेकिन इसके बावजूद भी बिहार सबसे पिछड़ा हुआ राज्य माना जाता रहा है। आज जो झारखंड का ऐरिया है, जो खनिज संपदा का क्षेत्र है, उसके अलग होने के बाद बिहार की स्थिति क्या होगी?

महोदया, अहलुवालिया साहब ने ठीक कहा है कि बिहार महापुरुषों का जन्म-स्थान रहा है, कर्म-स्थान रहा है, जिसका पाठ पढ़कर हम विश्व को मानवता का पाठ पढ़ाते आए हैं, इसके सिवाय अब बिहार में कुछ नहीं बचा है। महोदया, झारखंड राज्य की मांग बहुत दिनों से चली आ रही है और झारखंड ऐरिया के आदिवासी नेता बिरसा मुंडा, समाज के अग्रणी नेता थे। आज़ादी के पहले भी ये लोग अलग झारखंड की बात करते रहे हैं। महोदया, मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि आज झारखंड के अलग हो जाने के बाद बिहार में क्या बचेगा? वहां 4 महीने उत्तर बिहार और मध्य बिहार में बाढ़ की विभीषिका के कारण तबाही होती है और कभी वह सूखे की चपेट में आ जाता है। इसलिए हमें उसकी ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आज बिहार के पिछड़ेपन को सारे देश के लोग जानते हैं। आप इस देश के किसी भी महानगर में चले जाइए, निश्चित रूप से बिहार का आदमी आपको वहां जरूर मिल जाएगा। दिल्ली में वह किसी पूंजीपति के रूप में आपको नहीं मिलेगा बल्कि एक रिक्शा चालक या ऑटो चालक के रूप में मिलेगा। अहलुवालिया साहब ने कहा कि विदेशों में भी यहां का आदमी मिलता है। आपको दुनिया के दूसरे मुल्कों में

जहां किसी दूसरे प्रदेश का आदमी पूंजीपति के रूप में मिलेगा, वहीं आपको बिहार का आदमी दुकान पर नौकर के रूप में मिलेगा। खाड़ी के देशों में जहां आपको दूसरे प्रदेश का आदमी एक बिजनेसमैन के रूप में मिलेगा, वहीं बिहार का आदमी आपको उस बिजनेसमैन के घर पानी पिलाने वाले के रूप में मिलेगा।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : इंग्लैंड में जो डॉक्टर्स हैं, वहां सबसे ज्यादा संख्या बिहार के डॉक्टरों की है। ऐसा मत कहिए कि नौकर बिहार का है।

श्री दारा सिंह चौहान : महोदया, वहां बहुत गरीबी और बेरोजगारी है। मैं वहां की सामाजिक और आर्थिक परिस्थिति के बारे में जानता हूं और वहां की समस्याओं के बारे में जानता हूं। अभी रंजन प्रसाद यादव जी ने जो बात कही है बिहार को आर्थिक पैकेज देने की, मैं उसका समर्थन करता हूं। मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि झारखंड राज्य बनाने के पीछे जो जन-भावना है, उसका आदर करना चाहिए और यह तभी होगा जब उस समाज के लोग आने वाले दिनों में उस प्रदेश के मुखिया होंगे। इसलिए झारखंड इलाके के जो आदिवासी नेता हैं उन्हीं में से उनको मुखिया व प्रशासनिक अधिकार दे करके उनके मान-सम्मान को बढ़ाने का काम किया जाएगा और झारखंड के लोगों के सम्मान को निश्चित रूप से सामने रखने का काम किया जाएगा। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आज जो बाढ़ की विभीषिका की चर्चा हुई है निश्चित रूप से चार महीने सूखा, चार महीने बाढ़ के पानी से उत्तर बिहार और मध्य बिहार के लोग तबाह होते हैं। इसको रोकने के लिए हमको बहुत बड़े पैमाने पर आर्थिक पैकेज की घोषणा करनी होगी। अभी आप कह रहे थे कि नेपाल से जो नदियां आती हैं जो खतरनाक नदियां हैं और बिहार में या दूसरे प्रदेशों से आकर बहती हैं तो उसमें मेरा सुझाव है कि अगर उस पानी को रोककर जिसकी सम्भावना इस देश में है, आने वाले बहुत दिनों तक ताप से बिजली पैदा की जाए। यह सम्भावना बहुत दिनों तक नहीं रहनी जाएगी। इस नाते जो हाइड्रोलिक पॉवर प्रोजेक्ट है, पानी से बिजली पैदा करने का जो तरीका है उस तरीके से डेम बना करके निश्चित रूप से पानी से आज भी रोशनी का काम करलें और उसको रोक करके सिंचाई का काम लें, इससे वहां बिजली पैदा करके बिहार को खुशहाल करने में हम एक कदम आगे बढ़ेंगे। तमाम सारी समस्याएं हैं। उपसभापति महोदया, बिहार में झारखंड राज्य बनने जा रहा है। वहां की जनभावनाओं को देखते हुए जो बड़े-बड़े इंस्टीट्यूशंस हैं, जो इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जो फैक्टरीज हैं। इन तमाम के झारखंड में जाने के बाद बिहार में कुछ नहीं बचता। इसलिए बाकी बचे बिहार को विकास के पथ पर तेजी से आगे दौड़ाने के लिए, आगे ले जाने के लिए बहुत बड़े पैमाने पर बिना किसी द्वेष की भावना से बिहार को आर्थिक पैकेज दे करके इसको सम्पन्न बनाए जाने की आवश्यकता है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद प्रगट करता हूं।

DR. A.R. KIDWAI (Delhi): Madam Deputy Chairperson, I thank you very much for giving me an opportunity to speak on the subject. When a family gets divided, it is not a happy occasion. The same thing happens when a State gets divided into two parts. That is also

not a happy occasion. Whatever may be the reasons for the division, now we must take a decision to help both of them to develop and utilise their resources to their best advantage so that they become self-reliant, self-sufficient and bring prosperity to the people. This is possible, in spite of the present state of affairs because the Chota Nagpur area - south Bihar - which is going to become Jharkhand, is rich in minerals and has been earning a lot of revenue in the form of royalty. But it has not developed. In other parts of the world, the rich in coal, iron and other mineral areas are also centres for the development of mechanical engineering industries. This has not happened in Bihar. This State was exploited only a producer of minerals and metals, but no mechanical engineering and manufacturing industries were developed in the area. That is why there is lack of employment opportunities and lack of development in the area. No State can develop without proper industrialisation and utilisation of its resources. Though Chota Nagpur, today, accounts for more than 50 per cent of the total mineral production of India, still, except earning revenue for the country, it is lagging behind in development and utilisation of its natural resources.

North Bihar, which represents the most fertile area of the country, and the best agro-climatic condition, has not been able to utilize its full agricultural potential because of floods. The problem of floods is not confined to Bihar only, but this problem extends to the entire Gangetic Plain. When Farakkha Barrage was constructed, no arrangements were made for desilting of the Ganges and its Tributaries. The result is that the silting of the Ganges, silting of the rivers has increased the spread of water throughout the State. Thus for about four to six months in a year there is extensive water logging and the land cannot be cultivated.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR) in the Chair]

There is scope. There are agricultural States like Punjab, Haryana and UP, which have developed. Bihar can also develop agriculturally and even better than any of these States because of its rich soil and agro-climatic condition. But if this is to be achieved, a new planning programme has to be undertaken. With small land area that is available, more intensive agriculture has to be undertaken, so that it

brings them more remunerative crops, rather than to continue to produce only the cheap foodgrains. So, the agricultural pattern has to be changed in order to utilize the best available agro-climatic condition for increasing its agricultural and horticultural output. In fact, Bihar is a State that can produce high quality vegetables and fruits to feed the entire country and export to the Middle-East, and it can also Europe. This requires a serious effort and planning. I am sure, Bihar can utilize its potential for its development, as it did in the past. Sir, during the 5th century BC, 1000 AD Bihar was a centre of India's cultural heritage. The Lichhavi regime was the first democratic republic of the world; early education of Bhagwan Mahavira and Bhagwan Buddha, development of mathematics, astronomy, astrology, ayurvedic science; all these things took place in Bihar because of its fertile land and high productivity in agriculture. Ashoka and Chandragupta Maurya, who ruled up to the Central Asia, had a large army because of the fertile land of Bihar. So, the agro-climatic condition of Bihar is such that it can make up the deficiency, and it can improve and do better. This requires a special planning in development. Till Bihar is able to make up, it needs financial assistance. Therefore, the Central Government, while dividing the State into two parts, that is, Jharkhand and Bihar, has taken a serious responsibility on itself to develop both the States and to help them to recover from deficiency from which they may be suffering. This requires the setting up of a special planning board for Jharkhand, and one another board for Bihar so that, taking advantage of their resources and facilities, they could be better planned and developed, and could become self-sufficient and be an asset to the country. If adequate financial assistance, to manage its affairs, its administration, to improve its economy so that it becomes self-sufficient, is not provided to Bihar, this will lead to serious consequences. Therefore, I would say that the Central Government should take note of this fact that by passing this Bill, by dividing the State into two parts, it is undertaking a serious responsibility of developing both these State. It will have to provide technological plans for development and providing financial assistance so that they could perform well and bring prosperity to the country.

श्री शत्रुघ्न सिन्हा (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, कल 10 अगस्त को जब

उत्तर प्रदेश पुनर्गठन बिल पर चर्चा चल रही थी, उस चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री श्री आडवाणी जी ने कहा कि राज्यों का गठन हो जाना एक ऐतिहासिक कदम है, बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है और लोगों के लिए बहुत ही आनंद का विषय है। यकीनन यह बहुत ही ऐतिहासिक कदम है क्योंकि वर्षों से लोगों की तपस्या, संघर्ष, लोगों की परंपराओं, आकांक्षाओं, कामनाओं और कुछ हद तक राजनीतिक दलों की, राजनीतिक नेताओं की महत्वाकांक्षाओं का परिणाम है इसलिए राज्यों का निर्माण होना एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे लोगों के सपने साकार होते हैं। महोदय, इससे बहुत से लोग आनंदविभोर हुए हैं। मुझे खबर है किस तरह से छत्तीसगढ़ में या किस तरह से उत्तरांचल में लोगों ने खुशियां मनाईं और अब झारखंड के लोग खुशियां मना रहे हैं। रांची से, जमशेदपुर से, हजारीबाग से खबरें आई हैं कि वहां लोग दीवाली मना रहे हैं, पटाखे चला रहे हैं, फुलझड़ियां चला रहे हैं तो यह निश्चय ही खुशी की बात है लेकिन सरकार की नज़रों में सब समान है। मैं कोई इस बिल का विरोध नहीं कर रहा हूं, इस बिल का पारित होना तो वास्तविकता है, पूरे सदन का बहुमत और समर्थन इसको प्राप्त है इसलिए इस बिल का पारित होना अवश्यम्भावी है, निश्चित है, सत्य है लेकिन इस सत्य के साथ-साथ, इस खुशी के साथ-साथ कुछ दर्द का भी अहसास कराना ज़रूरी है। कुछ कड़वी सच्चाइयां हैं, जैसे एक तरफ जहां खुशियां मनाई जा रही हैं झारखंड में वहीं दूसरी तरफ बिहार, विशेषकर मध्य बिहार और उत्तरी बिहार बाढ़ के प्रकोप में जकड़ा हुआ है। मौत का तांडव वहां हो रहा है, मनुष्य मर रहे हैं, मवेशी मर रहे हैं, लोग बरबाद हो रहे हैं, फसलें बरबाद हो रही हैं, बांध टूट रहे हैं, तटबांध टूट रहे हैं और हर साल इनकी मरम्मत पर, इनके डैमेजेज़ पर, कम्पनसेशन देने में सरकार का करीब एक हज़ार करोड़ रुपया खर्च होता है। यह भी सही है कि देश में जो बाढ़ आती है उसका चालीस प्रतिशत कुप्रभाव बिहार में विशेषकर मध्य बिहार और उत्तरी बिहार पर पड़ता है। नेपाल से भी पानी आता है, और भी कई कारण हैं लेकिन एक कारण यह भी है कि इतने सालों से सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर जो वह कर सकती थी, उसने नहीं किया। भिन्न-भिन्न सरकारें आती रहीं और जान-माल का नुकसान होता रहा। जहां बाढ़ आती है ऐसे क्षेत्रों का ख्याल नहीं रखा गया और समस्या के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कोशिश नहीं की गई। इसलिए आज आजादी के करीब-करीब 53-54 साल बाद भी लोग बाढ़ की चपेट में आ रहे हैं। यहां झारखंड नाम के नए राज्य का निर्माण हो रहा है। करीब-करीब 46 प्रतिशत जमीन झारखंड के हिस्से में आएगी और 54 प्रतिशत जमीन करीब-करीब ट्रन्केटिड बिहार के हिस्से में रहेगी। झारखंड के हिस्से में दो करोड़ दस लाख लोग आएंगे, 81 विधायक होंगे और 14 सांसद होंगे और बिहार के हिस्से में 243 विधायक होंगे, 40 सांसद और 6 करोड़ 50 लाख की आबादी होगी। यह बिहार और झारखंड में अंतर है क्योंकि झारखंड स्पार्सली पॉपुलेटिड है, जगह बहुत ज्यादा है इसीलिए इतना अंतर है। अब जब बिहार और झारखंड अलग हो रहे हैं, झारखंड का निर्माण हो रहा है तो किसी भी प्रदेश में आबादी के आधार पर एसेट्स और लाइबिलिटी का फैसला होता है। आज के दिन तक बिहार के पास 20 हजार करोड़ से ऊपर के एसेट्स हैं और लाइबिलिटी है करीब 31 हजार करोड़ रुपए की। इसका जिक्र हमारे भाई, हमारे मित्र, राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता होनहार, गुणवान रंजन प्रसाद

यादव कर रहे थे कि दो हजार करोड़ रुपए सूद चुकाने में खर्च होता है। बिहार की बदहाली का एक मुख्य कारण आर्थिक भी है। इसलिए पुलिस वाले भी स्ट्राइक पर चले जाते हैं, होम गार्ड भी स्ट्राइक पर चले जाते हैं। "गरीब की जोरू सबकी भाभी" वाली बात यहां है। यह गरीब प्रदेश है और पैसा बहुत कम है और मुसीबतें काफी हैं। अब जब झारखंड स्टेट बन जाएगा तो 20 हजार करोड़ एसेट्स, करीब-करीब 31 हजार करोड़ की लाइबिलिटी और 30 हजार करोड़ से ज्यादा का कर्जा, यानि कि बिहार जो ट्रन्केटिड है उसके पास 45 हजार करोड़ रुपए का घाटा रहेगा तो यह कहां से आएगा? अभी भी यह हालत है, लोगों को तनख्वाह नहीं मिल रही है, इतनी कंगाली है। जब 45 हजार करोड़ रुपए का घाटा होगा, बिहार के पास मैचिंग ग्रान्ट्स देने के लिए पैसा नहीं होगा तो क्या होगा। फिर बिहार अंधेरे के गर्त में आ जाएगा, बिहार अंधेरे में, लालटेन के युग में आ जाएगा। 500 करोड़ रुपए का घाटा, पावर टैरिफ का तो होगा ही क्योंकि जितने पावर जनरेटिंग यूनिट्स हैं चाहे तेनुघाट हो, स्वर्ण रेखा हो। ...**(व्यवधान)**... मैं लालटेन पार्टी का जिक्र नहीं कर रहा हूं, लालटेन युग का जिक्र कर रहा हूं।

श्री रंजन प्रसाद यादव : बिहार वाले, बिहार की चिंता कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री शत्रुघ्न सिन्हा : पतरातु, स्वर्ण रेखा और तेनुघाट ये भी वनांचल में हैं। हमारे मित्र अहलुवालिया जी के क्षेत्र बेगुसराय को अगर छोड़ दिया जाए तो बिहार में पावर नाम की कोई चीज नहीं है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR):You are losing your time.

श्री रामदेव भंडारी : सर, बिहार के बारे में बोल रहे हैं, ...**(व्यवधान)**...

श्री राजू परमार (गुजरात): भाई साहब कम बोलते हैं उनको बोलने दीजिए ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Please don't interrupt him.

श्री शत्रुघ्न सिन्हा : जब बिहार का जिक्र हो रहा है तो मैं जानता हूं कि सबको स्वाभाविक रूप से चिंता है। महोदय, मैं आपसे विनम्रतापूर्वक कहना चाहता हूं कि मैं ऐसी कोई बात नहीं दोहराना चाहता हूं जो रिप्रेंटेटिव हो। कुछ-कुछ दर्द को उजागर करना चाहता हूं, कड़वी सच्चाई को सामने लाना चाहता हूं। सारी पावर जनरेटिंग यूनिट्स वनांचल में हैं, सारी इंडस्ट्री वनांचल में हैं, चाहे एचईसी हो, टेल्को हो, टिसको हो, या फिर ऊषा मार्टिन - सारे मिनरल सैल्स, जिनका जिक्र हमारे मित्र ने किया, वनांचल में हैं। मेजोरिटी रिवेन्यजू जो बिहार में आते हैं वे अठारह जिलों से आते रहे हैं जैसे एक्साइज, कमर्शियल टैक्स, ट्रांसपोर्ट, रजिस्ट्रेशन आदि। अब क्या होगा? जब मैंने कहा कि बिहार अंधेरे की गर्त में चला जाएगा, ऊपर से पांच सौ करोड़ बिहार को और देना पड़ेगा, पावर

Madam, Jharkhand will be a tribal dominated State. The people of the tribal communities are generally innocent and backward. They have been oppressed by the people of the upper caste for centuries. As a tribal member of this august House, I wish to point out that an able Tribal person should be selected as the Chief Minister of this new State. This will boost the morale of my tribal brothers and sisters.

Madam, I take this opportunity to congratulate the people of the newly-created Jharkhand state and I also pay my homage to the people who have laid down their lives for the cause.

Presently the House Committee of Orissa Assembly are here to meet the Prime Minster and Home Minister and other central leaders to find out a solution to this problem in a constitutional and legal way. Madam, while hoping for a speedy solution to this old problem I thank you for allowing me to participate in the discussion on the Bill.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The discussion is now concluded. The Home Minister may reply.

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : महोदया, आज तीसरे दिन हम एक राज्य पुनर्गठन विधेयक पर चर्चा करके उसे पारित कर रहे हैं। यह विधेयक जिन क्षेत्रों से संबंधित है निश्चित रूप से उनके लिए तो इतिहास बन रहा है, छत्तीसगढ़, उत्तरांचल और झारखंड के लिए। लेकिन अपने लम्बे संसदीय जीवन में मुझे स्मरण नहीं है इस प्रकार के तीन महत्वपूर्ण विधेयक दो सप्ताह में लगातार, एक सप्ताह में लोक सभा में तीनों विधेयक पारित हुए और दूसरे सप्ताह में तीनों विधेयक इस सदन से पारित हुए। यह संसद का भी एक प्रकार का इतिहास बन रहा है। इसके लिए मैं बधाई देना चाहता हूं दोनों सदनों के सभी सदस्यों को और सभी दलों को। जिन दलों ने समर्थन किया है और जिन दलों ने समर्थन करते हुए भी अपनी-अपनी कुछ शंकाएं प्रकट की या कुछ रिजर्वेशन्स प्रकट किए, सभी को धन्यवाद देता हूं। क्योंकि संसद की व्यवस्था इसी रूप में चलती है तो सबसे अधिक लाभकारी देश के लिए हो सकती है क्योंकि उसमें से रचना ही निकलती है। अब जैसे आज की कोई चर्चा सुनेगा और उसने कल और परसों की चर्चा सुनी होगी तो उसने उसमें अंतर पाया होगा, जिस अंतर को कुछ लोगों ने स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। परसों छत्तीसगढ़ का जब हमने विधेयक पारित किया मध्य प्रदेश पुनर्गठन विधेयक अधिनियम बना तो सबने इस बात को स्वीकार किया कि छत्तीसगढ़ के क्षेत्र में आनंद की लहर दौड़ रही है। बैरागी जी या बाकी लोग जो मध्य प्रदेश भाग से हैं, जो छत्तीसगढ़ से नहीं हैं उन्होंने भी मन का संतोष प्रकट किया कि उनकी विधान सभा ने जो प्रस्ताव संसद के पास भेजा, जो केन्द्रीय सरकार के पास भेजा, वह मूर्त रूप प्रकट कर रहा है। एक जगह पर उल्लास था, दूसरी जगह संतोष था क्योंकि उत्तरांचल के समय में भी यही बात थी कि एक जगह उल्लास था, आनंदातिरेक था। आज प्रात:काल भी मेरे पास उत्तरांचल के लोग आए, जब राज्य सभा में पास हो गया तो कहा कि हमारा बिल पास हो गया। लेकिन बाकी जो क्षेत्र हैं उनमें से कहीं-कहीं से रिजर्वेशन भी प्रकट किए होंगे, किसी क्षेत्र के बारे में, लेकिन कुल मिलाकर संतोष था। आज अंतर यह है कि एक तरफ तो मैं आपको कह सकता हूं कि झारखंड के क्षेत्र में, झारखंड की जनता में उतना ही उल्लास है, उतना ही संतोष है, उतनी ही खुशी है जितनी छत्तीसगढ़ में थी या उत्तरांचल में थी। लेकिन जो बाकी बिहार में हैं उनको तो संतोष होगा जिन -जिन लोगों ने इसके लिए प्रयत्न किया, हमारी विधान सभा की इच्छा, बिहार की इच्छा पूरी हो गई और केन्द्र तथा संसद ने उसको माना तथा एक और नया राज्य बनाया। लेकिन उस संतोष के साथ मिश्रित एक चिंता का भाव है कि क्या होगा? यह

जो क्षेत्र है जिस क्षेत्र से हमको इतना रेवेन्यु मिलता था, वहां पर खनिज पदार्थ थे, वहां पर रिसोर्सेज थे इसलिए रायलटी मिलती थी। जो रॉयल्टी बिहार को मिलती थी वह अब झारखण्ड को मिलेगी, बिहार को नहीं मिलेगी। बिहार के क्षेत्र में जिस प्रकर की बाढ़ बार-बार आती है, हर साल आती है उसका परिणाम क्या होगा, इसीलिए सभी ने किसी न किसी रूप में पैकेज की बात कही, वित्तीय सहायता की बात कही। इन तीनों में जो अंतर है उसे सरकार ने यहां चर्चा होने से पहले ही पहचान लिया। यदि कोई देखेगा, स्टेटमेंट ऑफ ऑब्जेक्शन्स एण्ड रीजन्स की तुलना करेगा तो पाएगा एकमात्र बिहार का ही ऐसा विधेयक है जिसमें स्टेटमेंट ऑफ ऑब्जेक्शनस एण्ड रीजन्स में इस बात का जिक्र किया गया है कि "The Government has set up a unit in the Planning Commission under the direct charge of the Deputy Chairman, Planning Commission, to deal exclusively with matters relating to the development of the rest of Bihar". झारखण्ड की चिंता नहीं है। जब उन क्षेत्रों के बारे में सोचते थे तो लोग कहते थे छत्तीसगढ़ को अपनी नई राजधानी बनानी पड़ेगी, नया हाई कोर्ट बनाना पड़ेगा इसलिए उन्हें सहायता देनी चाहिए। उत्तरांचल के बारे में जिसने भी बोला यह कहा कि बहुत अच्छा हो रहा है, यह छोटा सा राज्य है लेकिन उस राज्य के पास अपने संसाधन तो कम हैं। यहां तीर्थ यात्रियों के लिए बहुत संसाधन होंगे लेकिन जो संसाधन नहीं हैं उनकी व्यवस्था करनी पड़ेगी। एकमात्र विधेयक है जिसमें छह करोड़ की जनसंख्या वाले प्रदेश में से सवा दो करोड़ की जनता को अलग किया है। चिंता सवा दो करोड़ की नहीं है बल्कि चार करोड़ वाले बड़े प्रदेश की है, यह स्टेटमेंट ऑफ ऑब्जेक्शनस एण्ड रीजन्स में है। स्टेटमेंट ऑफ ऑब्जेक्शनस एण्ड रीजन्स छोड़ दीजिए मैं आपके सामने मंत्रिमंडल का निर्णय पढ़कर सुनाता हूं, जिसका मुझे अधिकार भी है। जब हमने विधेयक को प्रस्तुत करने का निर्णय किया तो मंत्रिमंडल ने निर्णय किया कि "In view of certain normative economic factors that would operate in the remaining State of Bihar"--हमने उसमें झारखण्ड की बात नहीं की है--"consequent upon the formation of a new State of Jharkhand, a dedicated unit may be set up in the Planning Commission to deal exclusively with Bihar under the direct charge of the Deputy Chairman, Planning Commission". डिप्टी चेयरमैन प्लानिंग कमीशन पर सारे देश की जवाबदारी होगी। उन पर यह एक खास जवाबदारी भी डाली जाती है कि वे इस बिहार प्रदेश के लिए चिंता करें और एक डेडिकेशन सैल का स्वयं अध्यक्ष बनें। "This unit will inter alia ensure"--क्या एनश्योर करेगा--"that with the help of better financial management and adequate devolution of funds from the Centre"--आखिर डिवेलयूशन फंड्स फ्रोम दि सेंटर का मतलब तो पैकेज ही होता है। आपने जो एकाउंट बनाकर विधानसभा से भेजे उनका हमने अपने पैकेज में जिक्र नहीं किया लेकिन हमने स्वयं को कमिटड किया कि यह जो राज्य बनेगा उसमें ठीक प्रकार से मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट होनी चाहिए--"multi-faceted development of the region takes place, especially, with respect to core infrastructure" एक प्रकार से यह सरकार का कमिटमेंट है। हम

इस तथ्य को पहचानते हैं कि नया राज्य गठित करने के बाद जो शेष बिहार होगा वह निश्चित रूप से भले ही बड़ा राज्य है तो भी उसकी अपनी कठिनाइयां होंगी, वित्तीय दिक्कतें होंगी और उन वित्तीय दिक्कतों का केंद्र प्लानिंग कमीशन के माध्यम से और प्रोपर डेवेल्यूशन ऑफ फण्ड्स के माध्यम से उनका निवारण करेगा। मैं समझता हूं कि यह काम पहली बार किया गया है ऐसा हमें लग रहा है, ऐसा समझ में आता है। मैं इस चीज में नहीं जाता कि झारखण्ड के लोग, जैसा कि आर.एल.आनन्द जी बोले कि हमारे यहां इतना सब कुछ होते हुए भी प्रगति नहीं हुई। बढ़ा नहीं, विकास नहीं हुआ, रोजगार नहीं मिला। अब मैं इस बात को मानूंगा, अभी सीपीआई(एम) की बहन बोली, आरएसपी के मेंबर बोले कि The formation of a State cannot be a substitute for good governance, for able administration and for honest administration. उसका कोई सब्सिट्यूट नहीं हो सकता। मैं जब उनका पूरा भाषण सुन रहा था, चंद्रकला पांडेय जी का, वह बहुत अच्छा भाषण था। लेकिन अच्छा भाषण होते हुए भी जो तर्क था वह तर्क ऐसा था जो किसी भी विषय पर दिया जा सकता है। जिसमें प्रशासन को ठीक करने की कोशिश होती है या लोकतंत्र को मजबूत करने की कोशिश होती है तो ऐसे बहुत लोग मिलते हैं जो कहते हैं कि आप क्या कर रहे हैं या यह क्या सारी व्यवस्था कर रहे हैं। एम.पी. के लिए यह कर रहे हैं, एम.एल.ए. के लिए यह कर रहे हैं या पंचायतों के लिए यह कर रहे हैं तो क्या लोकतंत्र को मजबूत करने से भोजन पूरा हो जाएगा, कोई विकास हो जाएगा। All the steps taken in the direction of strengthening democracy or good governance or good administration are contrary to development. ऐसा नहीं है। इसलिए मैं तो सोच रहा था जिस समय लिंग्विस्टिक स्टेट बन रहे थे, तो लिंग्विस्टिक स्टेट के समय न केवल सीपीआई ने बल्कि सीपीएम ने भी उसका समर्थन किया था। समर्थन करते हुए क्या कहा था कि आप आंध्र बना रहे हैं या आप पश्चिमी बंगाल बना रहे हैं या महाराष्ट्र बना रहे हैं तो क्या उससे लोगों की भूख मिट जाएगी। आप गुजरात और महाराष्ट्र दोनों को अलग अलग बनायेंगे उससे स्वाभाविक रूप से खर्चे बढ़ जायेंगे। उसके कारण आपको दो-दो मंत्रिमंडल बनाने पड़ेंगे। इससे अच्छा तो बंबई प्रेसीडेंसी थी। बहुत अच्छा होता अगर वह वैसी ही बनी रहती। गुजरात बनाने पर आप जो खर्चा कर रहे हैं वह आप कुयें खुदवाने पर लगा दो तो वह ज्यादा अच्छा होगा। These arguments sound very impressive. लेकिन जो व्यक्ति डेमोक्रेसी के महत्व को समझता है और ठीक प्रकार के एडमिनिस्ट्रेटिव सेट-अप बनाने के महत्व को समझता है तो वह इसकी कीमत भी देने के लिए तैयार होता है। बड़ा जिला बना दो इससे हमारे डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट कम हो जायेंगे। अगर तीन जिले बनेंगे तो उसमें तीन-तीन डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट रखने पड़ेंगे, खर्चा अनावश्यक हो जाएगा। मैं इस बारे में इतना ही कहना चाहता हूं कि वाइबिलिटी देखनी पड़ती है। लेकिन वाइबिलिटी को देखते देखते हम केवल मात्र खर्च की बात करेंगे तो फिर हम कई चीजों में गलत दिशा में चले जायेंगे। इसलिए बहुत अच्छा भाषण होते हुए भी मुझे लगता है कि उसमें यह दोष था। आरएसपी के हमारे मित्र जो बोल रहे थे, शायद इसी कारण वे सीपीआई के लोगों को भी कन्विंस नहीं कर सके, जिन्होंने वर्षों से झारखंड को भी देखा है और उत्तराचंल को भी देखा है। जैसा मैंने कल

4.00P.M.

कहा जिन दिनों कांग्रेस पार्टी और हमारी पार्टी, जो बड़ी पार्टियां हैं वे भी उत्तराचंल का समर्थन नहीं करती थी तो उस समय भी सीपीआई के लोग उसका समर्थन करते थे।

श्री जीवन राय (पश्चिमी बंगाल): वह अलग जमाना था और यह अलग जमाना है।

श्री टी.एन. चतुर्वेदी (उत्तर प्रदेश): हां, यह अलग जमाना है।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : हां, अलग जमाना है। मैं सब से सीखने के लिए तैयार हूं। मैं तो सीपीआईएम से भी सीखने के लिए तैयार हूं मुझे कोई दिक्कत नहीं है। आपको संकोच होता है। आप बीजेपी को छू तक नहीं सकते। आपके लिए हम अनटचेबल हैं। लेकिन हमारे लिए आप भी अनटचेबल नहीं हैं। हम सबसे सीखते हैं।

इसलिए पहली बात जो इस सारी बहस से निकली उसके बारे में मैं इतना ही कह सकता हूं कि जिस रामय हम संसद की ओर से झारखंड राज्य बना रहे हैं तो हम चाहते हैं कि उसका वहां पर संतुलित विकास हो। ऐसा विकास हो जो वर्षों से नहीं हुआ है। इसमें हमारे मन में यह भी चिंता है कि बिहार प्रदेश बाकी जो बचा है उसके विकास में भी कोई कमी न आए। उसका विकास भी लगातार होता रहे। दोनों का मिलकर विकास होगा तो हमें संतोष होगा। झारखंड का विकास करने के लिए अगर बिहार का विकास अवरुद्ध होता है या उसको क्षति पहुंचती तो उचित नहीं होगा, गलत होगा। हम इस दिशा में कुछ करेंगे।

उड़ीसा के जितने लोग थे, उन्होंने प्रायः एक ही बात बोली। उन्होंने झारखंड की बात का समर्थन किया। लेकिन अनिवार्य रूप से उन्होंने एक बात कही और उसमें खासकर जब मैंने दास जी को सुना तो मुझे लगा कि आज से पचास साल पहले कोई अन्याय उड़ीसा के साथ होता है तो उसका दोष आज के गृह मंत्री को कोई दें तो यह बात मेरी समझ में नहीं आई। मैं इसके लिए कैसे उत्तरदायी हो सकता हूं? लेकिन मैं तो इतना ही कह सकता हूं कि जिस समय हमारे एन.डी.ए. ने यह निर्णय किया था कि हम झारखंड बनाएंगे तो उस समय भी कोई मेरा ध्यान दिलाता कि वर्षों से उड़ीसा की जनता के मन में यह बात रही है कि यह जो दो हिस्से सरायकिला और खर्सवां हैं, यह बिहार में 1948 में चले गये, जो वहां नहीं जाने चाहिये थे, यहां आने चाहियें थे। उस समय मैं स्टडी करता कि मामला क्या है। मुझे नहीं पता, मैं तो इतना ही जानता था कि बिहार प्रदेश है और उसमें दो हिस्से बनने चाहिये, नीचे का हिस्सा संथाल परगना, छोटा नागपुर क्षेत्र झारखंड के रूप में बनाएं। मैंने कभी सरायकिला और खर्सवां का मामला सुना ही नहीं। उड़ीसा के लोग जानते होंगे, सुविज्ञ लोग जानते होंगे, मैंने नहीं सुना था। मुझे जानकारी नहीं थी। इसीलिए जब इसकी चर्चा आई, इन्हीं दिनों में आई। मेरे अपने साथियों ने भी मुझे कभी नहीं बताया। उन्होंने भी बताया होता। पंडा जी बैठे हुए हैं, मैं तो कहूंगा कि शिकायत मेरी है तो आपसे है, आपके नेताओं से है। ...**(व्यवधान)**... In those days, if they had met me, then I would have told them what I tell my other friends from Haryana and Punjab. Haryana and Punjab have a problem in respect

of Chandigarh. They have problems in respect of many other areas also. The ruling parties in both Haryana and Punjab belong to the NDA. Therefore, even in the first meeting, I told them, "Let us understand that this National Democratic Alliance is an alliance of a nature which cannot sort out inter-State problems unless the two States themselves agree to a common solution. We can only draw a common programme to which both the States can agree. उस समय मुझे कोई उड़ीसा वाला कहता तो मैं उनसे पूछता। बिहार में तो हमारा राज नहीं है। पिछले 50 साल तक यह समस्या रही है और 50 साल में ऐसे अनेक अवसर आए होंगे जब बिहार और उड़ीसा में एक ही पार्टी की सरकारें रही हों, तब भी उनका हल नहीं हुआ। ...**(व्यवधान)**... मुझे उड़ीसा का आकर्षण हो गया। पंडा जी का ध्यान आ गया। मैं तो समझाने की कोशिश कर रहा था। मैंने जा कर के स्टेट्स रिआर्गेनाइज़ेशन कमीशन की रिपोर्ट निकाली और उसको पढ़ने की कोशिश की। मैं उसको यहां इसलिए नहीं पढ़ना चाहूंगा क्योंकि मैं पढ़ कर उसको रिकार्ड पर डालता हूं तो एक प्रकार से स्टेट्स रिआर्गेनाइज़ेशन कमीशन का अनुमोदन सा कर रहा हूं। मैं नहीं करना चाहता। स्टेट्स रिआर्गेनाइज़ेशन कमीशन को आपकी ओर से जो ज्ञापन दिया गया, उसमें यह बात कही गई कि दोनों क्षेत्र उड़ीया स्पीकिंग हैं और वह यहां आने चाहियें और उन्होंने अपने आर्गुमेंट्स दिये हैं कि क्यों वे स्वीकार नहीं करते। हो सकता है कि उनके आर्गुमेंट सही न हों और आपके साथ अन्याय हुआ हो। मैं कहने की स्थिति में नहीं हूं। मैं आज इतना कहने की स्थिति में हूं कि नया राज्य झारखंड बनेगा और झारखंड राज्य जो होगा, उसके जो भी नेता होंगे, जो भी विधान सभा के सदस्य होंगे उनके नेता और आपके नेता, उड़ीसा के नेता आज जो हमारे एन.डी.ए. के सदस्य हैं, दोनों बैठ कर के मिल कर के देखें कि छोटा सा इलाका है, कांटीग्युटी है या नही, मैं नहीं जानता। ...**(व्यवधान)**... शिबू सोरेन जी कहते हैं कि कांटीगुयस नहीं है, उसके साथ जुड़े हुए भी नहीं हैं। मैं नहीं जानता। इसलिए मैं इस पर कमेंट भी नहीं कर रहा हूं। मैं पढ भी नहीं रहा हूं। मैं इतना ही कह रहा हूं कि इन्होंने अस्वीकार किया है आपका दृष्टिकोण उन्होंने अस्वीकार किया है, हो सकता है कि उनकी इनफारमेशन सही न हो लेकिन उस इनफारमेशन को अगर करेक्ट करना है तो उसका क्या तरीका है? कोई दूसरा तरीका नहीं है। अगर समझते हैं कि सेंट्रल गवर्नमेंट में यह ताकत है - किसी सदस्य ने बोलते हुए कहा कि सेंट्रल गवर्नमेंट जो करना चाहे कर सकती है, नहीं कर सकती है। कांग्रेस पार्टी जब सारे देश पर छायी हुई थी, इतनी ताकत थी तब भी वह नहीं कर सकती थी। दोनों राज्यों को मिला करके बातचीत करवानी होगी और बातचीत करके उसका हल निकलवाना होगा। उसमें केन्द्र जो सहायता कर सकेगा जरूर करेगा, इतना मैं कह सकता हूं और यह कोई प्रसंग ही नहीं है। This is not the occasion और यह मैं नहीं मानता हूं कि This is the last occasion for correcting an injustice। 50 साल पहले जो अन्याय हुआ उस अन्याय का दोष आप वाजपेयी जी की इस सरकार को दें यह स्वयं में अन्याय होगा। यह अन्याय मत करिए। मैं इतना ही कह सकता हूं। हम चाहेंगे कि ...**(व्यवधान)**...

DR. M. N. DAS: Sir, this injustice has been there for the last so many years. ...*(Interruptions)*... It is high time it was corrected.

SHRI L.K. ADVANI: I do not know. I am in no position to say. Das Saheb, you do justice to me. मैं पहली बार सुन रहा हूं in the last fifteen days और उस दिन मेरे पास सारे सांसद आ गए। Simply because they belong to my alliance, therefore, I do injustice to Bihar; I can't do it. I do not know. It may be quite correct, but I do not know. हां, लिंग्विस्टिक माइनारिटीज जहां पर भी है - उड़िया के लोग, उड़िया भाषी कितने भी हों, दिल्ली में कितने भी हों उनके साथ न्याय होना चाहिए। उनका अगर स्कूल नहीं खुलता है तो यह कोई अच्छी बात नहीं। लेकिन उसका मतलब है कि वे लिंग्विस्टिक माइनारिटी हैं वहां पर। उनकी मेजारिटी वहां पर है कि नहीं उस क्षेत्र में मुझे पता नहीं है और अगर अन्याय हुआ है तो उस अन्याय के परिमार्जन का कोई दूसरा तरीका नहीं है सिवाय इसके कि दोनों राज्यों के प्रमुख और दोनों राज्यों के प्रधान बैठ करके चर्चा करके हल निकालें। हम इस दिशा में प्रयत्नशील होंगे, हम कोशिश करेंगे, मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकता हूं। महोदया, मुझे नहीं लगता है कि मुझे कुछ और कहने की जरूरत है सिवाय इसके कि अब लोग मुझसे पूछते हैं कि ये विधेयक पास हो जाएंगे, विधेयक पास होने के बाद राष्ट्रपति के पास जाएंगे स्वीकृति के लिए और उनकी स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी उसके बाद कितना समय लगेगा? उसके बाद प्रक्रिया क्या होगी, किस प्रकार से होगी, राज्य कैसे बनेंगे? यह जो हमारा विधेयक है उसमें मोटे तौर पर इस बात का भी संकेत है कि क्या होगा, कैसे होगा। मैं आज बताना चाहता हूं कि इसमें सेक्शन 2ए है। उसमें डिफिनीशन में एप्वाइंटेड डे है। वह बहुत क्रूशियल है। सरकार को एप्वाइंटेड डे तय करना होगा और एप्वाइंटेड डे का, उसका नोटीफिकेशन उस दिन से कम से कम 7 दिन पहले होगा। वैसे तो एक महीना पहले भी प्रकाशित हो सकता है लेकिन वह घोषित किया जाता है कि यह एप्वाइंटेड डे है जिसका मतलब है उस दिन से लेकर छत्तीसगढ़ बन जाएगा, उस दिन से लेकर उत्तरांचल बन जाएगा, उस दिन से लेकर झारखंड बन जाएगा। उस दिन से पहले क्या क्या कुछ होगा? उस क्षेत्र की जो प्राविजनल विधान सभा होगी वह अपना नेता चुनेगी, राज्यपाल होगा, हाईकोर्ट होगा, प्राविजनल कैपिटल होगी। ये सारी चीजें जो हैं उससे पहले तय हो जाएंगी। उस दिन से लेकर आपरेशन में आ जाएंगी। मैं अपने मंत्रालय में जो विभाग इसको डील करता है उससे सारा डिसकस करके इतना ही कह सकता हूं कि मुझे लगता है कि सामान्यत: यह हमारा अभी इस बार का जो अधिवेशन संसद का है यह 25 अगस्त को समाप्त होगा और अगला अधिवेशन, शीतकालीन अधिवेशन नवम्बर के मध्य में कहीं होगा, नवम्बर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में होता है और हमने जो सारा शिड्यूल बनाया है इन तीनों राज्यों के गठन का उसके अनुसार मुझे उम्मीद है कि एक नवम्बर से पहले ये तीनों राज्य बन जाएंगे। एक प्रकार से संसद द्वारा इन क्षेत्रों की जनता को दिया हुआ वचन पूरा हो जाएगा। इस वचन की पूर्ति अगर हो सकी है तो इसका कोई श्रेय लेने की कोशिश न करे। उसका श्रेय पूरा का पूरा संसद को है। सब पोलिटिकल पार्टीज को है और प्रमुख रूप से सरकारी पार्टी को है और प्रमुख विरोधी दल को है। यह मुझे कहने में कोई संदेह नहीं है कोई संकोच नहीं है।

मैं एक बार पुनः आप सभी को धन्यवाद देता हूं और उन क्षेत्रों की जनता को आप सबकी ओर से और अपनी ओर से, अपनी सरकार की ओर से अपने एलायंस की ओर से बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूं। कि केवलमात्र राज्य बनना वह तो केवल एक द्वार का खुलना है। इस राज्य के बनने के बाद आप प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ते जाएं और उस क्षेत्र का पूरा विकास हो, यही मेरी शुभकामना है।

श्री टी.एन. चतुर्वेदी : मैडम की भी शुभकामनाएं शामिल हैं। ...(व्यवधान)...

उपसभापति : मेरी शुभकामनाएं तो इसलिए हो गईं कि साधारण तरीके से, बगैर किसी झगड़े के, जो विवाद थे वे भी डिसकस हो कर पूरे हुए और यही हमारी डेमोक्रेसी की स्पिरिट है। मैं उम्मीद करती हूं कि आईंदा भी इसी तरह से, हमारे जो लेजिस्लेशन आएं, उन पर अच्छी प्रकार से चर्चा हो, तो सब की भावनाएं रेकार्ड हो सकेंगी।

THE LEADER OF THE OPPOSITION (DR. MANMOHAN SINGH): Madam, I listened with great attention to what the Home Minister has said about the problems that the State of Bihar will face as a result of the passage of this Bill. The hon. Minister has referred to the aims and objects and said that a Cell will be created in the Planning Commission. I welcome that. He also said that there are indeed special problems that the remaining State of Bihar will face, and through better financial management and devolution, these problems will be taken care of.

Madam, as far as better financial management is concerned, I think we all agree that all States have an obligation to improve their economic and social management. But as regards devolution, if I understand the meaning of the term 'devolution', that has a special connotation and it is normally applied to devolution as fixed by the Finance Commission. The Eleventh Finance Commission has already reported. I assume that the hon. Home Minister has something more in mind, that special arrangements will be made to support actively the development of the remaining State of Bihar. I would urge the hon. Home Minister to assure us that this indeed, is his intention.

SHRI L.K. ADVANI: Let me make it clear the reference to devolution because I was quoting from the decision of the Government लेकिन जो भाव है, वह यह है कि विशेष रूप से वित्त संबंधी ध्यान बिहार प्रदेश की ओर दिया जाएगा और special financial attention would be paid to the rest of Bihar.

SHRI B.J. PANDA: Madam, I take heart from what the hon. Home Minister has said; perhaps, this is not the last opportunity for this historical injustice to be corrected. But I just wanted to put on record one thing. The contiguity of Seraikela and Kharswan with regard to Orissa. has been questioned..*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let it be clarified by the Home Minister.

SHRI B.J. PANDA: Madam, there is contiguity through the area known as Tiring directly to Seraikela, and for Kharswan, it is through Tiring. It is just for the record.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, I shall first put the amendment moved by Shri B.J. Panda for reference of the Bihar Reorganisation Bill, 2000 to a Select Committee of the Rajya Sabha to vote.

The motion was negatived.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, I shall put the amendment moved by Shri Birabhadra Singh for reference of the Bihar Reorganisation Bill, 2000 to a Select Committee of the Rajya Sabha to vote.

The motion was negatived

THE DEPUTY CHAIRMAN: I now put the motion for consideration of the Bill to vote.

The question is:

"That the Bill to provide for the reorganisation of the existing State of Bihar and for matters connected therewith, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clause 2 was added to the Bill.

THE DEPUTY CHAIRMAN: There are a number of amendments on clause 3. There is Amendment No.1 by Dr. M.N. Das, Amendment No.2 by Shri B.J. Panda, and Amendment No.8 by Shri Dilip Ray; he is not here and let us not bother about it. Let me ask whether people would like to move them. Mr. Das, are you moving your amendment or withdrawing it?

DR. M.N. DAS: Madam, I am moving it. But before the vote takes place, kindly permit me to withdraw from the House.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You are moving the amendment and withdrawing it both together? Are you moving yourself away or you are moving the amendments? *(Interruptions)* Just a minute, Mr. Das, are you moving your amendment or withdrawing it?

DR. M.N. DAS: I would like to move it. After that I move myself away from this House. *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: For the first time I am coming across with such a situation. It is a self-contradictory statement. This is a new experience for me too. (Interruptions) Mr. Panda, how about you?

SHRI B.J. PANDA: Madam, we are staying for the voting. If the amendment is not passed, then we will withdraw from the House.

CLAUSE 3 - Formation of Jharkhand State

DR. M.N. DAS: Madam, I beg to move:

(No.1) That at page 2, line 28, after the words "districts" the words "except the two former feudatory states of Orissa, namely Seraikella and Kharasawan, now in West Singhbhum, which are to merge with the State of Orissa" be *inserted.*

SHRI B.J. PANDA: Madam, I beg to move:

(No.2) That at page 2, lines 27-28, *for* the words and brackets "Singhbhum (East) and Singhbhum (West)" the words and brackets "Singhbhum (East) excluding Saraikella (ST) Assembly constituency and

Singhbhum (West) excluding Kharasawan (ST) Assembly constituency" be *substituted*.

The questions were proposed.

THE DEPUTY CHAIRMAN : I now put amendments, No. 1 and 2, by Dr. M.N. Das and Shri B.J. Panda to vote.

(Amendments No. 1 and 2 were negatived)

Clause 3 was added to the Bill.

(At this stage, some hon. Members left the Chamber)

Clause 4 was added to the Bill.

CLAUSE 5 - Amendment of First Schedule to the Constitution

THE DEPUTY CHAIRMAN: There are two amendments, No. 20 and 21, by Shri L.K. Advani.

SHRI L.K. ADVANI: Madam, I beg to move:

(No.20) That page 2, line 39, *for* the figure "25" the figure "27" be *substituted*.

(No.21) That at page 2, line 40, *for* the figure "26" the figure "28" be *substituted*.

The questions were put and the motions were adopted.

Clause 5, as amended, was added to the Bill.

Clause 6 was added to the Bill.

CLAUSE 7 - Amendment of the Fourth Schedule to the Constitution

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is one amendment by Shri L.K. Advani.

SHRI L.K. ADVANI: Madam, I beg to move:

(No.22) That at page 3, line 6, *for* the figures, "'27' and '28'" the figures "'29' and '30'" be *substituted*.

The question was put and the motion was adopted.

Clause 7, as amended, was added to the Bill.

Clauses 8 to 11 were added to the Bill.

CLAUSE 12 - Provision as to Leslative Assemblies

THE DEPUTY CHAIRMAN: There are three amendments, by Shri L.K. Advani.

SHRI L.K. ADVANI: Madam, I beg to move:

(No.23) That at page 3, line 39, *for* the figures "'10, '25', '11' and '26'" the figures "'11', '27', '12' and '28'" be *substituted.*

(No.24) That at page 4, line 1, *for* the figure "9" the figure "10" be *substituted.*

(No.25) That at page 4, line 2, *for* the figure "10" the figure "11" be *substituted.*

The questions were put and the motions were adopted.

Clause 12, as amended, was added to the Bill.

Clauses 13 to 47 were added to the Bill.

Clause 48- Public Debt

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is one amendment (No.9) by six Members. Bhandaryji, are you moving?

श्री रामदेव भंडारी : मैडम, मैं प्रस्ताव करता हूं:-

(9) पृष्ठ 11, पंक्ति 24 से 27 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए:-

'विद्यमान बिहार राज्य के लोक ऋण और लोक खाते जो नियत दिन के ठीक पूर्व बकाया थे केन्द्रीय सरकार द्वारा पूर्णत: माफ कर दिए जाएंगे।'

महोदया, अभी मैं गृह मंत्री जी को सुन रहा था। उन्होंने शेष बिहार के बारे में जो चिंता व्यक्त की है, वह सही है और उचित है और उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। महोदया, मुझे अमेंडमेंट इसलिए लाना पड़ा क्योंकि गृह मंत्री जी जब छत्तीसगढ़ और उत्तरांचल विधेयक पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे तो उन्होंने कहा था कि विधान सभा का प्रस्ताव और जनता की आकांक्षा, ये दो महत्वपूर्ण बातें हैं जो किसी राज्य के पुनर्गठन में

ली जाती हैं। यह सही है कि झारखंड की जनता की इच्छाओं को उन्होंने ध्यान में लिया है, मगर शेष बिहार की जो जनता है, जो कि सम्पूर्ण बिहार की 70 प्रतिशत है, उसके साथ झारखंड अलग हो जाने के बाद ऐसी स्थिति बन रही है जैसे कि शरीर में से हृदय को निकाल देने के बाद शरीर की बनती है। बहुत ही अच्छा संतुलन था उत्तरी और दक्षिणी बिहार का - उत्तरी बिहार कृषि क्षेत्र है और दक्षिणी बिहार, जो झारखंड के नाम से आज एक नया राज्य बन रहा है, वहां सारे मिनरल्स हैं, बड़े-बड़े उद्योग, बड़े-बड़े कारखाने, जल और ताप के बड़े-बड़े बिजली घर हैं। मेरी चिंता स्वाभाविक है कि अब उत्तरी बिहार का क्या होगा जब दक्षिणी बिहार उसमें से निकल जाएगा। इसलिए, महोदया, बिहार विधान सभा से जो प्रस्ताव पारित किया गया था उसके परिप्रेक्ष्य में मैं यह संशोधन लाया हूं और मैं फिर एक बार गृह मंत्री जी से अपनी चिंता व्यक्त करता हूं, बिहारवासियों की चिंता व्यक्त करता हूं। हमारे जो हाऊस में लीडर्स हैं - रंजन प्रसाद यादव, शत्रुघ्न सिन्हा, अहलुवालिया जी, इन सब लोगों ने जो शेष बिहार के बारे में चिंता व्यक्त की है, उनके साथ अपनी चिंता व्यक्त करते हुए मैं पुनः उनसे कहना चाहता हूं कि 31,000 करोड़ रुपए का कर्जा बिहार पर है और रंजन प्रसाद यादव जी ने कहा है कि 2,000 करोड़ रुपए हर साल बिहार को सूद देना पड़ता है, जिसमें झारखंड का भी हिस्सा होगा। मैं गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा, आप अभी झारखंड को एक नया राज्य बनाने जा रहे हैं, राज्य बनाते ही उस पर कर्जा मत लादिए और शेष बिहार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए यह कर्जा आप माफ कर दें। मैं केन्द्र सरकार से और आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप इस कर्जे को माफ कर दें।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं, वह हमारे सभी माननीय सदस्यों ने भी कही है, वह 1,79,900 करोड़ रुपए के पैकेज के बारे में है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर यह पैकेज आप बिहार को नहीं देंगे तो बिहार कभी भी, जो उसकी स्थिति है उससे उबर नही सकेगा बल्कि दिन-ब-दिन उसके हालात बद-से-बद्तर होते चले जाएंगे। मैं उत्तरी बिहार के मधुबनी जिले से आता हूं। नेपाल से जो बड़ी-बड़ी नदियां आती हैं - कोसी, कमला, गंडक, महानंदा, उनमें से एक नदी मेरे गांव से होकर जाती है। मुझे अनुभव है कि हर साल जब बाढ़ आती है तो उस गांव में और उस गांव के इर्द-गिर्द रहने वाले जो लोग हैं, उनको चिंता होती है कि अब बाढ़ आने वाली है, हम कहां रहेंगे, हमारे घर का क्या होगा? महोदया, यह जल जमाव का मामला, यह बाढ़ का मामला पूरे उत्तरी बिहार में है और इसका समाधान करने के लिए बहुत बड़ी राशि की जरूरत पड़ेगी। मैं चाहता हूं कि जो आर्थिक पैकेज है, उस पैकेज को आप निश्चित रूप से कंसीडर करें। अगर आप उत्तरी बिहार के लोगों का भला चाहते हैं तो इसे जरूर कंसीडर करें। हमने झारखंड के लिए भी एक संशोधन दिया है। चूंकि अब झारखंड एक नया राज्य बनने जा रहा है, इसलिए एक लाख करोड़ रुपए की राशि आप झारखंड को भी दें क्योंकि यह जो नया राज्य बनेगा, इसकी बहुत सारी आवश्यकताएं होंगी। उन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए झारखंड राज्य को एक लाख करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी ...

एक माननीय सदस्य : इतना पैसा कहां से आएगा?

श्री रामदेव भंडारी : सब हो जाएगा, केवल मन बनाने की जरूरत है। सरकार मन बनाएगी तो सब कुछ हो जाएगा। एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि बिहार राज्य पहले से ही पिछड़ा हुआ राज्य है, अब जो शेष बिहार है ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : आपके वित्त मंत्री भी तो बिहार के हैं, उनसे सीधे बात कर लीजिए।

श्री रामदेव भंडारी : महोदया, मैं तो अपने राज्य की चिंता कर रहा हूं। हमारा बिहार पहले से ही एक पिछड़ा हुआ राज्य रहा है और अब तो मुझे लगता है कि वह सर्वाधिक पिछड़ा हुआ राज्य हो जाएगा। इसलिए मेरा सरकार से आग्रह है कि जब तक उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं हो जाती है, तब तक बिहार की प्रगति और विकास के लिए 90 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में केन्द्र सरकार को देनी चाहिए और 10 प्रतिशत राशि सहायता के रूप में देनी चाहिए।

श्री रवि शंकर प्रसाद : भंडारी जी, घोटाले भी कम होने चाहिए।

श्री रामदेव भंडारी : घोटाले कम होंगे, चिंता मत करिए। आपको बिहार में घोटाले ही घोटाले नजर आ रहे हैं। उत्तरी बिहार अब पूर्ण रूप से कृषि प्रधान होगा। एक उद्योग जो उस प्रदेश में, शेष बिहार में फल-फूल सकता है वह है चीनी उद्योग। अभी बिहार में चीनी की 18 मिलें हैं जिनमें से 3 बिल्कुल काम नहीं कर रही हैं और 15 किसी तरह से थोड़ा-बहुत काम कर रही हैं।

श्री संघ प्रिय गौतम : भंडारी जी, ये बातें आ गई हैं पहले।

उपसभापति : गौतम जी, हाऊस में हरेक को बोलने का हक है। यह हक आपको नहीं है कि आप बात-बेबात टोकते रहें। उनकी बात सुन लीजिए। बिहार स्टेट की कुछ प्रॉब्लम है, वे भी हमारे देश के ही लोग हैं, वे अपनी समस्या बता रहे हैं। अब यह तो सरकार के ऊपर है कि वह कहां तक उनकी बात मानती है। वैसे होम मिनिस्टर साहब ने कहा है कि वे जितना मान सकते हैं, मान लेंगे। इधर के लोगों ने भी वहां के बारे में चिंता व्यक्त की है। उनकी बातों को सीरियसली सुनिए। हम लोग कोई हंसी-मज़ाक नहीं कर रहे हैं, साढ़े चार घंटे से मैं यहां पर बैठी हूं, इसीलिए बैठी हूं कि काम जरा अच्छा हो जाए।

श्री जीवन राय : यह मज़ाक का सवाल नहीं है। वहां बहुत भयंकर स्थिति है।

THE DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Jibon Roy, it applies to you also. I don't want to hear anything more from you.

श्री रामदेव भंडारी : महोदया, बिहार में 18 चीनी मिलें हैं और उनको फिर से पुनर्जीवित करने की जरूरत है और बिहार सरकार ने 15 और नयी मिलों की स्थापना करने की सिफारिश की है। मैं गृह मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि शेष बिहार में सिर्फ चीनी उद्योग ही ऐसा उद्योग है जो कृषि से जुड़ा हुआ है, उस उद्योग को पुनर्जीवित

किया जाए और साथ ही नयी 15 मिलें खोलने के लिए जो संस्तुति की गई है, उसे भी स्वीकार किया जाए और उसके लिए पर्याप्त कोष की व्यवस्था की जाए।

महोदया, एक और मामला है जल जमाव का। आप जानती हैं कि बिहार में एक तरफ बाढ़ का मामला है और दूसरी तरफ जल जमाव का मामला है। मुकामा टाल के बारे में आपने सुना होगा, वहां साल भर पानी भरा रहता है। इसके अतिरिक्त और भी इलाके हैं, जहां जल जमाव रहता है। यह एक बड़ी समस्या है। वहां खेती हो सकती है और दूसरे अन्य काम भी हो सकते हैं। इसके लिए बिहार सरकार ने योजना बनाई है मगर बिहार सरकार के पास पर्याप्त पैसा नहीं है जिससे कि वह इन योजनाओं को कार्यान्वित कर सके। इसलिए मैं गृह मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि जल जमाव और जल निकासी के बारे में बिहार सरकार ने जो संस्तुति दी है, उस पर आप अवश्य ध्यान दें। मैडम्, एक बार मैं फिर गृह मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि गृह मंत्री जी, छोटा नागपुर के लोग खुश हैं, हमारी पार्टी पहले भी चाहती थी कि वृहद् झारखंड बने। आपने वृहद् झारखंड नहीं बनाया और झारखंड बनाया। मगर शेष बिहार जहां 70 प्रतिशत आबादी रहती है उसकी स्थिति बहुत खराब होने जा रही है इसलिए केन्द्र सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए और जिस पैकेज की मांग हमारे बिहार के माननीय सदस्यों ने की है वह पैकेज भी आप मुहैया करें। आपने शेष बिहार के बारे में जो चिंता व्यक्त की है उसके लिए एक बार पुनः धन्यवाद देते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, I put amendment, (No. 9) moved by Shri Ram Deo Bhandary to vote.

The motion was negatived.

Clause 48 was added to the Bill.

Clauses 49 to 60 were added to the Bill.

CLAUSE 61 - CERTAIN EXPENDITURE TO BE CHARGED ON CONSOLIDATED FUND

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is one amendment (No. 10) to be moved by Shri Ram Deo Bhandari:

SHRI RAM DEO BHANDARY: Madam, I move:

That at page 13, *after* line 46, the following be *inserted*, namely:-

> "(2) After the constitution of State of Jharkhand, an amount of Rupees One Lakh seventy nine thousand nine hundred crores shall be provided to the

successor State of Bihar from the Consolidated Fund of India as an economic package.

(No. 10)

(3) At least, an amount of Rupees one lakh crores shall be provided from the Consolidated Fund of India for overall development of new State of Jharkhand.

(4) The State of Bihar shall be given the status of most backward State so that it may be provided with 90 per cent grant and 10 per cent assistance by the Central Government.

The question was proposed.

The question was put and the motion was negatived.

Clause 61 was added to the Bill.

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is an amendment, (No. 7) for insertion of two new clauses, clauses 61A and 61B, by Mr. Nagendra Nath Ojha. Are you moving?

SHRI NAGENDRA NATH OJHA : Madam, I am not moving.

Clauses 62 to 64 were added to the Bill.

CLAUSE 65 - PROVISIONS AS TO CERTAIN COMPANIES

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is one amendment, (No. 11) by Shri Ram Deo Bhandary.

SHRI RAM DEO BHANDARY: Madam, I move:

That at page 16, *after* line 23, the following be *inserted*, namely:-

(No. 11) "(c) That the Central Government shall revive the 15 closed sugar mills of Bihar State Sugar Corporation by utilisation of their funds."

The question was put and the motion was negatived.

Clause 65 was added to the Bill.

Clauses 66 to 77 were added to the Bill.

CLAUSE 78 - WATER RESOURCES DEVELOPMENT AND ITS MANAGEMENT

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is one amendment (No. 12) to be moved by Shri Ram Deo Bhandari:

SHRI RAM DEO BHANDARY: Madam, I move:

That at page 20, *after* line 28, the following be *inserted*, namely:-

> "(4) (a) The Central Government shall bear the expenses for the drainage of logged water and for the completion of second phase of Kosi Gandak Project.
>
> (b) The Central Government shall compensate for the loss incurred every year due to floods and droughts and shall bear all the incurring expenditure on account of flood control."

(No.12)

The question was put and the motion was negatived.

Clause 78 was added to the Bill.

Clauses 79 to 92 were added to the Bill.

FIRST SCHEDULE

THE DEPUTY CHAIRMAN: There are two amendments No.3 by Shri R.K. Anand and NO. 26 by Shri L.K. Advani. Mr. Anand, are you moving?

SHRI R.K. ANAND: I am not moving.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, Mr. Advani.

SHRI L.K. ADVANI: Madam, I move:

(No. 26)

That at page 24, lines 19-21, *for* the words "such two as the Chairman of the Council of the States may determine by drawing lot, shall be deemed to have been elected to fill two of the seats allotted to the State of Jharkhand" the words "Shri S.S. Ahluwalia and Shri Ram Kumar Anand shall be deemed to have been elected to fill two of the seats allotted to the State of Jharkhand" be *substituted.*

The question was put and the motion was adopted.

The First Schedule, as amended, was added to the Bill.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up the Second Schedule. There is one amendment by Shri Panda. He is not here. So, I shall now put the Second Schedule to vote.

The Second Schedule was added to the Bill.

The Third Schedule, the Fourth Schedule,and the Fifth Schedule were added to the Bill.

The Sixth Schedule

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up the Sixth schedule. There are three amendments (Nos. 27, 28 and 29) by Shri L.K. Advani.

SHRI L.K. ADVANI: Madam, I move.

(No. 27) That at page 35, line 5, for the figures "'XIX' and 'XX'" the figures "'XXI' and 'XXII'" be *substituted.*

(No. 28) That at page 35, line 10 *for* the figure "XIX" the figure "XXI" be *substituted.*

(No.29) That at page 35, *for* line 11, the following be *substituted* namely:-

"Part XXII - Jharkhand."

The questions were put and the motions were adopted.

The Sixth Schedule, as amended, was added to the Bill.

The Seventh Schedule, the Eighth Schedule, the Ninth Schedule and the Tenth Schedule were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI L.K. ADVANI: Madam, I move:

That the Bill, as amended, be passed.

The question was put and the motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The House had agreed that we are not going to take up the Private Members' Business today, though it was listed for today. We thank Shri Suresh Pachouri for his cooperation. I also thank the House for its cooperation in getting this Bill passed. The Private Members' Business will be taken up next time.

THRI VIDUTHALAI VIRUMBI: Madam, what happened to the Resolution?

THE DEPUTY CHAIRMAN: The Resolution on Population will cally go to the last Friday of the Session. The House is adjourned till 11.00 a.m. on 16th August, 2000.

The House then adjourned at thirty-eight minutes past four of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 16th August, 2000